■ मार्गशीर्ष शुक्ल - 5 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 142 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 17-12-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 समय बदल गया है, अब झूठ से नहीं काम से वोट मिलता है : जेपी नड्डा

6 मेजर डेविड मैनलुन : कई उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया

7 बच्चन फैमिली संग नजर आईं ऐश्वर्या, अलगाव की खबरों पर लगा विराम!



# छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर खड़ी होगी विकसित भारत की इमारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे–मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा।

मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। साथ ही, सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री पांच राज्यों – राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी। मोदी ने इस यात्रा को 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' बताया और कहा, इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है। आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम टियर–टू और टियर–थ्री वाले शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं।

## संसद की सुरक्षा चूक मामले में छठा व्यक्ति किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि महेश कुमावत बृहस्पतिवार रात मामले में एक अन्य आरोपी ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष शाखा के हवाले कर दिया गया था। तभी से उनसे पूछताछ की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि कुमावत का कहना है कि वह आरोपियों द्वारा बनाए गए 'भगत सिंह फैन क्लब पेज' का सदस्य था। यह पेज अब 'डिलीट' हो चुका है। अधिकारी ने बताया कि कुमावत को सबूत नष्ट करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# भारत को तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' बनाने में केरल का बहुत बड़ा योगदान: वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोल्लम (केरल)/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप अनुकूल तंत्र वाला देश है और केरल ने अत्यधिक स्टार्टअप की संख्या के साथ इसमें काफी योगदान दिया है।

फातिमा माता नेशनल कॉलेज के स्नातक समारोह में सीतारमण ने कहा कि केरल ने भारत के फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) उद्योग में भी बहुत योगदान दिया है। सीतारमण ने कहा, ''भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' (स्टार्टअप अनुकूल तंत्र) वाला देश है और केरल ने स्टार्टअप की संख्या के साथ इसमें योगदान दिया है। केरल के तटीय क्षेत्र, इसके मसालों और ज्ञान–अर्थव्यवस्था में अपार संभावनाएं हैं। केरल भारत के फिनटेक उद्योग में भी काफी योगदान दे रहा है।''

वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री सीतारमण ने स्नातक छात्रों से कहा कि इन सभी अवसरों और अच्छे शैक्षणिक संस्थानों के साथ ''2047 के भारत का निर्माण आपके हाथों में है''। बाद में उन्होंने तिरुवनंतपुरम के मंगलापुरम ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हे सौंपे।



# ओमान से डिजिटल पेमेंट, अंतरिक्ष, ऊर्जा सुरक्षा पर साझीदारी करेगा भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत और ओमान ने अपने सदियों पुराने संबंधों को नयी ऊर्जा देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, संस्कृति, वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बढ़ाने के साथ ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपनाने के लिए साझीदारी करने का आज फैसला किया।

छब्बीस साल के अंतराल के बाद भारत की यात्रा पर आये ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने परस्पर व्यापक आर्थिक साझीदारी समझौते (सीईपीए) को शीघ्र अंजाम पर पहुंचाने का भी संकल्प व्यक्त किया।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इस यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी ओमान के सुल्तान के साथ बैठक संपन्न की है जो वर्तमान में भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ रक्षा मामलों के उपप्रधानमंत्री, सात कैबिनेट मंत्री और 4 उप मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। उन्होंने कहा कि पिछले 26 वर्षों में ओमान से भारत की यह पहली राजकीय यात्रा है। वार्ता प्रतिबंधित प्रारूप में थी और इसमें कई क्षेत्रों एवं विषयों को शामिल किया गया जो भारत–ओमान द्विपक्षीय संबंधों को भी दर्शाता है।

क्वात्रा ने कहा, ओमान के सुल्तान की यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जी–20 में ओमान की भागीदारी के बाद हो रही है। ओमान भारत द्वारा जी–20 में आमंत्रित नौ देशों में से एक था। भारत ओमान के साथ एक विशेष संबंध साझा करता है और आज ये संबंध एक रणनीतिक साझीदारी में विकसित हुए हैं।

# महाराष्ट्र के आईएस अधिकारी के बेटे पर प्रेमिका को कार से कुचलने का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे/एजेन्सी।** महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के बेटे अश्वजीत गायकवाड़ ने कथित तौर पर हाल ही में ठाणे में अपनी एसयूवी से अपनी प्रेमिका को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता 26 वर्षीया प्रिया उमेंद्र सिंह, एक पेशेवर ब्यूटीशियन हैं। प्रिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आपबीती शेयर की है।

प्रिया ने पोस्ट में लिखा है, 'मुझे न्याय चाहिए... दोषी अश्वजीत अनिल कुमार गायकवाड़, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गायकवाड़ का बेटा है।' उसने अपने पोस्ट में अश्वजीत के दोस्तों, रोमिल पाटील, प्रसाद पाटील और सागर शेल्के, जो सभी ठाणे निवासी हैं, के अलावा अपने प्रेमी के ड्राइवर–सह–अंगरक्षक, शिवा का भी नाम लिया। प्रिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, शिवसेना–यूबीटी के आदित्य ठाकरे को टैग कर लिखा है, 'मेरे प्रेमी ने मुझ पर अपनी कार चढ़ा दी और मुझे मरने के लिए सड़क पर छोड़ दिया।'

कई प्रयासों के बावजूद अनिल कुमार गायकवाड़ (हाल ही में एमएसआरडीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया) अपने 34 वर्षीय बेटे के खिलाफ गंभीर आरोपों पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। कथित घटना जिले के घोड़बंदर इलाके में ओवला रोड पर हुई और प्रिया को पेट, पीठ, हाथ में गंभीर चोटें आईं और उनका दाहिना पैर टूट गया।

### पीड़िता आईसीयू में भर्ती

प्रिया सिंह ने यह भी बताया कि कैसे अश्वजीत और उसके दोस्तों ने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया, कैसे उसने उसे 11 दिसंबर को सुबह 3 बजे के आसपास कोर्टयार्ड होटेल में बुलाया। वहां उनके बीच कहा–सुनी हुई। अश्वजीत ने उसके साथ मारपीट की और फिर उसके दोस्तों रोमिल, प्रसाद और शेल्के भी हमले में शामिल हो गए। स्थिति बिगड़ती गई और वह एसयूवी से अपना बैग और मोबाइल लेने गई, लेकिन युवकों ने कथित तौर पर उसकी पीठ पर एसयूवी मारकर उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, फिर उसके दाहिने पैर पर एसयूवी चढ़ाकर अंधेरे में तेजी से भाग गए।


| 17-12-2023 सूर्यास्त | 18-12-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:56 बजे | 6:35 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,483.75 | 21,456.65 |
| (+969.55) | (+273.95) |


| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 79,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## राजस्थान सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच के लिये एसआईटी गठन के आदेश दिये

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान सरकार के गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक को पेपर लीक मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन होगा। यह निर्देश मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आदेश पर जारी किए गए।



## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आध्यात्मिक जिज्ञासा का आधार क्या होता है ?

**उत्तर:** जिज्ञासा का आधार तो अज्ञान ही होता है। यदि जिज्ञासा का स्वरूप आध्यात्मिक है तो आध्यात्मिक-अज्ञान उसका आधार होता है। किंतु आध्यात्मिक क्षेत्र की जिज्ञासा अन्य क्षेत्रों से इस अर्थ में भिन्न है कि इसमें शरणागत स्वयं ही ज्ञान में रूपांतरित होता जाता है और जैसे जैसे उसके ज्ञान में वृद्धि होती जाती है वैसे वैसे उसके अज्ञान की प्रकृति परिवर्तित होती जाती है। अंततः देहाभिमान समाप्ति के साथ ही अनुभव भी बीज दग्ध हो समाप्त से हो जाते हैं। भावातीत अवस्था में जिज्ञासा शेष नहीं रहती उसका आधार समाप्त हो अलौकिक अनुभूतियों के उद्घाटन का स्वरूप ले लेता है।

### राज्यपाल-एसएफआई विवाद

# खान ने छात्र संगठन को चुनौती देते हुए कहा, मैं विवि परिसर में ठहरूंगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/मलप्पुरम/भाषा।** स्टूडेंट फेडरेशन (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर प्रदेश के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर हमला करने के कुछ दिनों बाद, खान ने शनिवार को वाम छात्र संघ से मुकाबला करने के लिए कालीकट विश्वविद्यालय परिसर में ठहरने का फैसला किया।

दिन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए खान को पहले कोझिकोड़ के सरकारी अतिथि गृह में रुकने का कार्यक्रम था, लेकिन उन्होंने योजनाओं में बदलाव की घोषणा की है। राज्यपाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, मैं सरकारी गेस्ट हाउस में रुकने की योजना बना रहा था।



तब मुझे बताया गया कि उन्होंने (एसएफआई) कहा है कि वे मुझे विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने देंगे। तब मैंने कहा कि कार्यक्रम बदल दीजिए और मैं वहीं विश्वविद्यालय परिसर में ही ठहरूंगा। राज्यपाल ने कहा कि अगर प्रदर्शनकारी वाहन तक पहुंचेंगे तो वह कार से बाहर निकल आएंगे। खान ने कहा, अगर कोई मेरी कार के पास आता है, तो मैं तुरंत उसे रोक दूंगा और नीचे उतर जाऊंगा। उन्हें मेरी कार पर प्रहार क्यों करना चाहिए। उन्हें मुझे मारना चाहिए। अगर उनमें हिम्मत है, तो उन्हें मुझ पर प्रहार करना चाहिए। वे मुझे डराना चाहते हैं, लेकिन मैं उनमें से नहीं हूं जिन्हें डराया जा सकता है। वे दबंगई दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संगठन ने अब अपना रुख बदल लिया है और अब वे केवल दूर से काले झंडे दिखाएंगे।

राज्यपाल ने कहा, राजनीतिक दल ने आधिकारिक तौर पर एक बयान जारी करके कहा है कि काला झंडा जारी रहेगा, लेकिन कोई रुकावट नहीं होगी। इसका मतलब है कि पहले वे मेरा रास्ता रोक रहे थे। यह अपराध है। उन्होंने पूछा कि क्या किसी को मुख्यमंत्री की कार के पास जाने की इजाजत होगी।

हाल ही में तिरुवनंतपुरम में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जा रहे खान की कार पर रास्ते में एसएफआई कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हमला किया था जिसके बाद वह वाहन से उतर गए थे। छात्र संगठन ने विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में खान के कार्यों और विभिन्न विश्वविद्यालयों में बीकेपी-एबीवीपी कार्यकर्ताओं को सीनेट सदस्य के रूप में नामित करने का विरोध किया है। एसएफआई मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की एक छात्र शाखा है।



## दलाई लामा ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**गया (बिहार)/भाषा।** नोबल शांति पुरस्कार विजेता एवं तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा शनिवार सुबह बिहार के गया जिले में बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन किया और मंदिर प्रांगण में ही स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया।

कड़ी सुरक्षा के बीच तिब्बती मठ से महाबोधि मंदिर तक ई-रिक्शा पर सवार होकर दलाई लामा महाबोधि मंदिर पहुंचे। यह मंदिर उस स्थान पर स्थित है जिसके बारे में कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को 2,000 साल से भी पहले इसी स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

दलाई लामा की सुरक्षा के मद्देनजर आम श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई। बहरहाल, मोनेस्ट्री के बाहर सड़क के दोनों ओर तिब्बती धर्मगुरु की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। महाबोधि मंदिर पहुंचने पर पुजारी दलाई लामा को गर्भगृह तक ले गए जहां उन्होंने भगवान बुद्ध को नमन किया और मंदिर प्रांगण में ही स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया।

## पटवारी मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त, छत्तीसगढ़ में महंत को विधायक दल का नेता बनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने हालिया विधानसभा चुनाव में हार के बाद अपनी मध्य प्रदेश इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के स्थान पर पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व मंत्री उमंग सिंघार को मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल का नेता और हेमंत कटारे को उपनेता नियुक्त किया गया है।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में चरणदास महंत को विधायक दल का नियुक्त किया है। वह पिछली विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष थे।

वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पद पर बनाए रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। हाल ही में हुए इन दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

## एसवाईएल नहर मुद्दे पर पंजाब, हरियाणा से फिर करेंगे चर्चा: जल शक्ति मंत्री शेखावत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मोहाली (पंजाब)/भाषा।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के विवादास्पद मुद्दे को सुलझाने के लिए पंजाब और हरियाणा के साथ फिर से बैठक करेगी। शेखावत 28 दिसंबर को चंडीगढ़ में एसवाईएल मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ अपनी बैठक के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने पहले भी उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर इस मामले में कुछ आम सहमति बनाने की कोशिश की थी।

शेखावत ने कहा, इस बार फिर हम प्रयास करेंगे और एक साथ चर्चा करेंगे और अगर कोई रास्ता निकलता है तो हम उस पर काम करेंगे। अन्यथा, हम उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री यहां 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल होने आये थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने 14 दिसंबर को कहा था कि शेखावत ने 28 दिसंबर को चंडीगढ़ में एसवाईएल मुद्दे पर दोनों मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है। पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा था कि वह बैठक में शामिल होंगे, लेकिन उन्होंने दोहराया कि राज्य के पास अन्य राज्यों के साथ साझा करने के लिए पानी की एक बूंद भी नहीं है। मान ने यह भी कहा था कि वह बैठक में केंद्र सरकार के सामने पंजाब का पक्ष मजबूती से रखेंगे। खट्टर ने कहा था कि हरियाणा सरकार एसवाईएल नहर के निर्माण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करना चाहती है।

## विकास परियोजनाएं शुरू करने के लिए सूरत और वाराणसी जायेंगे प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत करने के लिये 17 और 18 दिसंबर को सूरत एवं वाराणसी जायेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।

बयान में कहा गया है कि मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भाग लेने के लिए वाराणसी जाने से पहले रविवार को सूरत डायमंड बोर्स और सूरत हवाई अड्डा पर एक नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

बयान में कहा गया है कि रविवार शाम वह नमो घाट पर 'काशी तमिल संगमम- 2023' का उद्घाटन करेंगे। वाराणसी में अगले दिन वह एक सार्वजनिक समारोह में स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन करेंगे और 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भी भाग लेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में 19,150 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

## विस चुनावों में जनता ने राहुल गांधी की सात गारंटी खारिज कर दीं : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हालिया संपन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सात गारंटी खारिज कर दी और यह दिखाया कि एक गारंटी ही काफी है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

फडणवीस ने यह भी कहा कि सत्तारूढ 'महायुति' में शामिल भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) अगले साल मिलकर चुनाव लड़ेंगी। फडणवीस नागपुर में महाराष्ट्र भाजपा के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ चुनावों में भाजपा के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है, क्योंकि कई लोग इसे अगले साल के लोकसभा चुनावों की तैयारी के रूप में देख रहे हैं, लेकिन हर चुनाव को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास था कि हम जीतेंगे। साथ ही, मुझे यकीन था कि परिणाम चाहे जो भी हो, लोगों ने पहले ही अपने दिल में देश की बागडोर एक बार फिर मोदी जी को सौंपने का फैसला कर लिया है।

उन्होंने कहा कि आज आम आदमी दिल से मानता है कि केवल प्रधानमंत्री मोदी ही देश का विकास कर सकते हैं।

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवा पॉलिसी जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरजीआईसीएल) ने शनिवार को कहा कि उसने भारतीयों के लिए वैश्विक स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए एक नई पॉलिसी शुरू की है।

आरजीआईसीएल ने एक बयान में कहा कि 'रिलायंस हेल्थ ग्लोबल' नाम वाली पॉलिसी न केवल भारत की सीमाओं के भीतर बल्कि दुनिया भर में व्यापक कवर देती है। बयान में कहा गया कि यह पॉलिसी कैंसर और बाईपास सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों सहित विदेशी इलाज के खर्चों को भी कवर करेगी। कंपनी ने कहा कि पॉलिसी में 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक की बीमा राशि के अलावा यात्रा, आवास और वीजा एवं सहायता सेवाएं भी शामिल हैं। इसमें कमरे के किराये के लिए कोई सीमा नहीं है। साथ ही एयर एम्बुलेंस से लेकर अंगदाता का खर्च तक, सभी लाभ शामिल हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहा, जैसे-जैसे भारत का वैश्वीकरण हो रहा है और बहुत सारे भारतीय विदेश यात्रा कर रहे हैं, तो ऐसे में भारत और विदेश के लिए अलग-अलग पॉलिसी खरीदने की तकलीफ को दूर करना जरूरी है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस कैपिटल की सहायक कंपनी है।

## आप ने राघव चड्ढ़ा को राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने सांसद राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है।

राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में आप पार्टी के नेतृत्व ने कहा है कि संजय सिंह की अनुपस्थिति में, जिन्हें 'स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं' हैं, राघव चड्ढा अब से उच्च सदन में पार्टी के नेता होंगे। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में फिलहाल जेल में हैं।

राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि चड्ढा को सदन का नेता नियुक्त करने के संबंध में आप की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। कार्यान्वयन के लिए पत्र राज्यसभा महासचिव के पास है।

चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में से एक हैं। वर्तमान में उच्च सदन में आप के कुल 10 सदस्य हैं। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बाद सदस्यों की संख्या के हिसाब से आप चौथी सबसे बड़ी पार्टी है।

## चीनी नागरिक वीजा मामला: कार्ति चिदंबरम ने ईडी की जांच को बेतुका बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता एवं सांसद कार्ति चिदंबरम ने 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धनशोधन के मामले में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी ताजा समन के संबंध में शनिवार को पेश होने से छूट मांगते हुए जांच को बेतुका बताया और कहा कि उन्हें दस्तावेज एकत्र करने के लिए समय चाहिए।

इससे पहले संघीय एजेंसी ने तमिलनाडु की शिवमोगा सीट से 52 वर्षीय सांसद को दिल्ली में 12 दिसंबर को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा था। सांसद ने संसद सत्र में व्यस्त होने को जांच अधिकारी के समक्ष पेश नहीं होने का कारण बताया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 16 दिसंबर को पेश होने को कहा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीई) की प्राथमिकी के अनुसार, वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी ने कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये दिए थे। प्रवर्तन निदेशालय का 2022 का यह मामला इन्हीं आरोपों से जुड़ा है। कार्ति ने अपने वकील के माध्यम से मामले के जांच अधिकारी को अपना चुनावी हलफनामा, आयकर रिटर्न, बैंक खातों और अचल संपत्ति का विवरण संलग्न करते हुए लगभग 100 पन्नों का जवाब भेजा है और उन्होंने शनिवार को पेश होने से छूट और एजेंसी द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज एकत्र करने के लिए समय मांगा है।

## होंडा एलिवेट ने 20,000 वाहन बिक्री का आंकड़ा पार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** होंडा कार्स इंडिया ने शनिवार को बताया कि उसके मध्यम आकार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) एलिवेट ने 20,000 वाहन बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने इस साल सितंबर में एलिवेट को बाजार में उतारा था।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन महीनों में उसकी कुल बिक्री में नए मॉडल की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। इससे होंडा कार्स इंडिया को सितंबर-नवंबर अवधि में सालाना आधार पर अपनी बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिली। होंडा कार्स इंडिया के निदेशक (विपणन और बिक्री) युइची मुराता ने कहा, हमने अपने इंतजार कर रहे ग्राहकों को जल्द से जल्द कार देने के लिए एलिवेट के उत्पादन की रफ्तार को अधिकतम कर दिया है।

भारत विश्व में एलिवेट का उत्पादन और बिक्री करने वाला पहला देश है। होंडा का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर एसयूवी की मजबूत मांग को पूरा करते हुए भारत को दुनिया के अन्य हिस्सों में नए मॉडल के लिए एक महत्वपूर्ण निर्यात केंद्र बनाना है।

## कई बार न्यायाधीश भी गलतियां करते हैं : न्यायमूर्ति भरत पी. देशपांडे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पणजी/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भरत पी. देशपांडे ने शनिवार को गोवा में कहा कि कई बार न्यायाधीश भी गलतियां करते हैं। उन्होंने कहा कि हरेक कानूनी मामला अलग होता है तथा उसकी दूसरे मौजूदा या पूर्व मामलों से तुलना नहीं की जा सकती है।

'जी आर करे कॉलेज ऑफ लॉ, मडगांव में 'जीआरके- ज्यूडिश्यरी टॉक' व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति देशपांडे ने कहा कि हर विषय पर कई सारे फैसले होते हैं। उन्होंने कहा, सत्र न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में मेरा अनुभव यह है कि हर मामला अपने आप में कुछ अलग होता है। आप हर मामले या पहले के मामलों की मौजूदा मामलों से तुलना नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति देशपांडे ने कहा, हम न्यायाधीश के रूप में यह दावा नहीं करते हैं कि हम हमेशा सही होते हैं। हम भी कई बार गलतियां करते हैं। लेकिन सच तो यह है कि यह स्वीकार करने में स्पष्टता होनी चाहिए कि गलती हुई है। उन्होंने कहा, हर कोई कभी न कभी गलती करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप अपनी गलतियां स्वीकार करें, उन्हें सुधारने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यह जीवन का हिस्सा है, जिसे हम अपने समाज में ही शामिल करने का प्रयास करते हैं। न्यायमूर्ति देशपांडे ने छात्रों से कक्षाओं में बैठकर सैद्धांतिक ज्ञान लेने के अलावा व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के लिए अदालतों में जाने का अनुरोध किया।

## संसद की सुरक्षा में चूक की घटना का कारण बेरोजगारी और महंगाई: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक की घटना के पीछे का कारण बेरोजगारी और महंगाई हैं। सुरक्षा चूक की घटना के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से यह बात कही।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक के बाद उन्होंने कहा, सुरक्षा में चूक हुई है, लेकिन यह क्यों हुई? सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है, जिसे लेकर पूरे देश में उबाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के कारण हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी ने कहा, सुरक्षा में चूक जरूर हुई है, लेकिन इसके पीछे कारण बेरोजगारी और महंगाई हैं। बाद में राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं - हमें इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण देश का सबसे बड़ा मुद्दा - बेरोज़गारी है। भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी और 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को संसद की सुरक्षा में चूक की घटना में शामिल लोगों के कांग्रेस, टीएमसी और माकपा के साथ घनिष्ठ संबंधों के बारे में बताना चाहिए। राहुल गांधी को, विशेष रूप से उस असीम सरोदे के साथ अपने संबंधों को स्पष्ट करना चाहिए, जो 'भारत जोड़ो यात्रा' का हिस्सा थे और संसद में घुसने वालों को कानूनी सहायता प्रदान करने की पेशकश की है।

## संसद की सुरक्षा में चूक: दिल्ली की अदालत ने आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार महेश कुमावत को शनिवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था। लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि आरोपी देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे ताकि वे सरकार को अपनी अनुचित और अवैध मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें। इसके बाद विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने कुमावत को दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। अभियोजक ने कहा, वह (कुमावत) पिछले दो वर्षों से साजिश रचने में अन्य आरोपी व्यक्तियों के संपर्क में था। उसने सबूतों को नष्ट करने और बड़ी साजिश को छिपाने के लिए मोबाइल फोन को नष्ट करने में 'मास्टरमाइंड' आरोपी ललित झा की मदद की।

अभियोजक ने अदालत ने कहा कि पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए कुमावत से पूछताछ जरूरी है।

अदालत ने दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल एक अर्जी पर आदेश जारी किया, जिसमें 15 दिन के लिए कुमावत को हिरासत में दिये जाने का अनुरोध किया गया था।

बचाव पक्ष के वकील ने पुलिस की अर्जी का विरोध करते हुए दावा किया कि कुमावत को उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए बिना किसी कारण के गिरफ्तार किया गया। बहस के दौरान, अभियोजक ने अदालत को बताया कि हमले के पीछे के वास्तविक मकसद और दुश्मन देश तथा आतंकवादी संगठनों के साथ संबंध का पता लगाने के लिए आरोपी की हिरासत की आवश्यकता है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कुमावत को सबूत नष्ट करने और आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। अधिकारी ने कहा कि कुमावत ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष प्रकोष्ठ के हवाले कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि तब से कुमावत से पूछताछ की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि कुमावत आरोपियों द्वारा बनाए गए 'भगत सिंह फैन क्लब पेज' का सदस्य था। यह पेज अब 'डिलीट' हो चुका है।


बेलगावी में भाजपा तथ्यान्वेषी समिति के सदस्यों ने शनिवार को बेलगावी में उत्पीड़न की शिकार आदिवासी महिलाओं से जानकारी लेने के लिए जिला अस्पताल में बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस का दौरा किया।

### कर्नाटक महिला उत्पीड़न मामला

# एनसीडब्ल्यू, भाजपा सांसदों के प्रतिनिधियों ने पीड़िता से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधिमंडल और भाजपा सांसदों की तथ्यान्वेषी समिति ने शनिवार को उस दलित पीड़िता से मुलाकात की, जिसे कर्नाटक के बेलगावी जिले में निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। एनसीडब्ल्यू की सदस्य डेलिना खोंगडुप के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने घटना के संबंध में विवरण इकट्ठा करने के लिए बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बीआईएमएस) अस्पताल में 42 वर्षीय पीड़िता से मुलाकात की।

टीम के साथ बेलगावी जिला आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, बेलगावी शहर पुलिस आयुक्त और जिला स्वास्थ्य अधिकारी भी थे। सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता ने आपबीती बयां करते हुए कहा कि अगर पुलिस ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आरोपी उसे मौत के घाट उतार देते।

टीम ने पीड़ित से प्रत्यक्ष विवरण प्राप्त किया कि घटना कैसे सामने आई, उनके घर कौन आया, हमले के पीछे का कारण क्या था और क्या इसमें कोई अदृश्य हाथ शामिल था। पीड़िता के बयानों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई और टीम ने उसे सभी आवश्यक सहायता और न्याय का आश्वासन दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा गठित भाजपा सांसदों की तथ्य-खोज समिति, जिसमें सांसद अपराजित सारंगी, सुनीता दुग्गल, रंजीता कोहली, लॉकेट चटर्जी और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा शामिल थीं, ने भी अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की और बाद में उसके गाँव और घर गईं।

समिति ने पीड़िता के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया, इसके बाद गांव में परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ बातचीत की। जांच पूरी करने के बाद समिति की योजना भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह को एक रिपोर्ट सौंपने की है। नड्डा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भाजपा सांसदों की तथ्यान्वेषी समिति से जानकारी हासिल की और महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना की।

बेलगावी भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पाटिल, चिक्कोडी भाजपा अध्यक्ष राजेश नेरली, बेलगावी मेयर शोभा सोमनाचे, उप महापौर रेशमा पाटिल, सांसद अन्नासाहेब जोले, विधायक शशिकला जोले, अभय पाटिल और अन्य ने भाजपा की समिति के सदस्यों का स्वागत किया। यह घटना 10 दिसंबर को हुई थी जब वंटामुरी गांव की रहने वाली महिला को उसके घर के बाहर खींचकर नग्न कर दिया गया और परेड कराई गई। फिर उसे बिजली के खंभे से बांधकर उसके साथ मारपीट की गई। उसका अपराध यह था कि कथित तौर पर उसका बेटा गांव की एक लड़की के साथ भाग गया था। लड़की के परिवार वालों ने लड़के की मां पर अत्याचार किये।

घटना के बाद, राज्य की कांग्रेस सरकार ने पीड़िता के लिए पाँच लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की, और बेलगावी जिला कानूनी प्राधिकरण उसे 50 हजार रुपये प्रदान करेगा।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने विधायकों की शपथ को चुनौती देने संबंधी याचिका खारिज की

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें नौ मंत्रियों और 37 विधायकों की शपथ को चुनौती दी गई थी। याचिका में दावा किया गया था कि शपथ निर्धारित प्रारूप में नहीं ली गई थी। याचिका में दावा किया गया था कि उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, जमीर अहमद खान, के. एन. राजन्ना और अन्य निर्धारित प्रारूप में पद की शपथ लेने में विफल रहे और इसलिए इसे असंवैधानिक घोषित किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की पीठ ने कहा कि यह एक तकनीकी मुद्दा है कि कुछ व्यक्तियों के नाम पर शपथ ली गई थी। याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है। वे मतदाताओं द्वारा निर्वाचित किये जाते हैं। यह एक तकनीकी मुद्दा है...। कभी-कभी उत्साह में कोई किसी की जय-जयकार कर सकता है। उन्हें अपना काम करने दीजिए। यदि आप उनसे इतने नाखुश हैं, तो देख लें कि आने वाले चुनावों में वे आपके प्रतिनिधि नहीं हों।


मैसूरु में शनिवार को बेलगावी में एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट और उसे नग्न घुमाने की घटना के खिलाफ शनिवार को मैसूर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

# भाजपा ने बेलगावी की घटना को लेकर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई ने बेलगावी में आदिवासी महिला से मारपीट कर उसे निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में राज्य की कांग्रेस सरकार की कथित उदासीनता को लेकर जिला मुख्यालयों में रविवार को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 11 दिसंबर को बेलगावी के वंतामुरी गांव में बेटे के आदिवासी समुदाय की लड़की को लेकर भाग जाने के बाद महिला को एक खंभे से बांध दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि आठ आरोपी फरार हैं।

भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार आठ फरार आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने पीड़िता से मिलकर उसे सांत्वना तक नहीं दिया। बेंगलूरु में पार्टी पहले धरना और फिर गिरफ्तारी दी। इस बीच बेलगावी में चार सांसदों समेत भाजपा की पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषण टीम ने पार्टी के नेताओं से मुलाकात की और पीड़िता व अधिकारियों से बात की।

इसके बाद टीम की एक सदस्य लॉकेट चटर्जी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रशासन ने शुरू में मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामला दर्ज करने को तैयार नहीं थी और कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद सरकार हरकत में आई।

# जेपी नड्डा बेलगावी महिला मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को राज्य के बेलगावी शहर में एक मां को सड़कों पर नग्न घुमाए जाने की भयावह घटना का राजनीतिकरण करने के लिए भाजपा अध्यक्ष नड्डा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के तहत कर्नाटक में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के कई मामले देखे गए लेकिन नड्डा उन सभी को भूल गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, दुर्भाग्य से, नड्डा बेलगावी घटना का इस्तेमाल राजनीति के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलगावी की घटना बेहद निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह शर्मनाक है कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा राजनीतिक लाभ के लिए ऐसी घटना का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे ही बेलगावी की घटना सामने आई, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने पीड़िता के घर जाकर न केवल उसे सांत्वना दी बल्कि मुआवजा भी दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया है। मैं खुद जांच पर नजर रख रहा हूं।' हमारी सरकार दोषियों को सख्त सजा देकर यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ऐसे अमानवीय कृत्य न हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेता भी राज्य सरकार के कदमों से संतुष्ट हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा, हालांकि, अब नड्डा ने अचानक टिप्पणी की है और घटना के चार दिन बाद इस मामले को उछालने का उनका प्रयास पीड़ित के लिए वास्तविक चिंता की बजाय राजनीतिक मकसद का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि अगर नड्डा को वास्तव में महिलाओं की परवाह होती तो वह महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने के लिए पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ कार्रवाई करते।

उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के अनुसार, भाजपा शासन के पिछले वर्ष (2022) के दौरान कर्नाटक में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 17,813 मामले थे, जबकि एक साल पहले वर्ष 2021 में 14,468 मामले थे।

मुख्यमंत्री ने सवाल किया, तब भाजपा अध्यक्ष क्या कर रहे थे? क्या वह निर्वासन में थे? क्या उन्हें अपनी ही सरकार में साल दर साल महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा के बढ़ते मामले नज़र नहीं आए? उन्होंने एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मणिपुर से लेकर गुजरात तक, उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश तक, जहां भी भाजपा सत्ता में है, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा, ये मामले साबित करते हैं कि भाजपा स्वाभाविक रूप से महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि राज्य भाजपा के भीतर आंतरिक विवाद पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्टी अध्यक्ष और विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। यदि नड्डा में साहस और शक्ति है, तो उन्हें इन आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति भेजनी चाहिए।

वंटामुरी गांव की रहने वाली 42 वर्षीय महिला को 10 दिसंबर को उस लड़की के परिवार के सदस्यों ने उसके घर के बाहर खींच लिया, जिसके साथ कमलाव्वा का बेटा कथित तौर पर भाग गया था। उसे नंगा किया गया, घुमाया गया और अंत में बिजली के खंभे से बांधकर उसके साथ मारपीट की गई। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने घटना को रोकने में पुलिस विभाग की विफलता के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की।

मुख्य न्यायाधीश पी.बी. की अध्यक्षता वाली पीठ वराले और न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित ने 14 दिसंबर को टिप्पणी की, अन्य महिलाओं में क्या डर होगा? वे असुरक्षित महसूस करेंगी। ऐसा महाभारत में भी नहीं हुआ था। द्रौपदी के पास भगवान कृष्ण थे जो उनकी मदद के लिए आए थे, लेकिन आधुनिक दुनिया में कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं आया। दुर्भाग्य से यह दुर्योधन और दुशासन की दुनिया है।

# सिरोया ने प्रताप सिम्हा के खिलाफ कांग्रेसी साजिश का लगाया आरोप

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक से भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद लहर सिंह सिरोया ने शनिवार को कहा कि मैसूरु सांसद प्रताप सिम्हा को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में फंसाना कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के बेटे डॉ. यतींद्र का समर्थन आधार बढ़ाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। सिरोया ने कहा,



जहां तक मैसूरु का सवाल है, मुझे लगता है कि उनके (सिद्दरामैया) बेटे (डॉ. यतींद्र) मैसूरु से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। अपना समर्थन आधार बढ़ाने के लिए और शायद मैसूरु सांसद (प्रताप सिम्हा) को बदनाम करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने यहां मीडिया के साथ बातचीत में कहा, इस घटना की जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं। इससे कई पहलू सामने आएंगे, तब देश को पता चलेगा कि सिद्दरामैया सरकार शहरी नक्सलियों को कैसे बचा रही है। सिरोया ने आरोप लगाया कि सिद्दरामैया सरकार शहरी नक्सलियों को पनाह दे रही है। उन्होंने कहा, 'संसद में हुई घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मैंने अक्टूबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को पत्र लिखकर बताया था कि कैसे शहरी नक्सली यात्रा की व्यवस्था करने की तैयारी कर रहे हैं। मैंने उन्हें यह भी बताया था कि यह देश और उनके लिए अच्छा नहीं है।'

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और कांग्रेस नेता स्मोक (धुआं) अटैक मामले में दो आरोपियों को लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए पास जारी करने को लेकर प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पार्टी आरोपी मनोरंजन डी के साथ प्रताप सिम्हा के करीबी संबंध का भी आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि उनका कार्यालय सीज और उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। कर्नाटक कांग्रेस ने इस संबंध में उनकी निष्क्रियता पर आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने छात्रा को आईसीएआई सदस्य के रूप में पंजीकृत करने का आदेश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि एक छात्रा को 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (आईसीएआई) के सदस्य के रूप में पंजीकृत कराने की अनुमति देने के लिए न्याय प्रणाली को 'लचीला' बनाना उचित है।

आईसीएआई ने संस्थान के नियमन 65 को लागू किया था और दावा किया था कि उसने केवल अंतिम पाठ्यक्रम (फाइनल कोर्स) के लिए उसे अनुमति दी थी, लेकिन छात्रा ने कई फाउंडेशन कोर्स पूरे कर लिए थे, जो फाइनल कोर्स से पहले होते हैं।

अदालत ने हाल में दिए फैसले में इस दलील को खारिज कर दिया और कहा कि इस दलील में कोई दम नहीं है, क्योंकि फाउंडेशन कोर्स, फाइनल कोर्स में शामिल हो जाते हैं और फाइनल कोर्स के लिए अनुमति दी जाती है।

बेंगलुरु की निकिता के. जे. ने संस्थान द्वारा एक मई 2023 को एक आदेश/सूचना जारी होने के बाद अदालत का रुख किया था, जिसमें एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के तौर पर प्रैक्टिस करने के लिए सदस्यता देने के उसके अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। निकिता ने 2017 में बीकॉम डिग्री और सीएमए फाउंडेशन के लिए पंजीकरण कराया था। उसने 2018 में सीएस-एक्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम में भी पंजीकरण कराया। उसने कई अन्य पाठ्यक्रमों में भी पंजीकरण कराया था, लेकिन बीकॉम डिग्री को छोड़कर उसने अन्य सारे कोर्स पूरे कर लिये। उसने चार्टर्ड एकाउन्टेंट आर्टिकलशिप प्रशिक्षण के दौरान बीकॉम डिग्री पूरी करने के लिये अनुमति मांगी।




# कर्नाटक राज्योत्सव का स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक राज्योत्सव का स्वर्ण जयंती समारोह यहां केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू, कार्यकारी निदेशकों के साथ इसमें शामिल हुए। के सत्यनारायण राजू ने कन्नडिगाओं की संस्कृति की प्रशंसा की और देश की प्रगति में कर्नाटक और बेंगलूरु के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कन्नड़ भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्त्व पर जोर दिया।

प्रसिद्ध विदुषी, लेखिका और व्यक्तित्व विकास विशेषज्ञ डॉ. आरती वीबी ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्रीय पहचान को भारतीय मूल्यों के साथ मिश्रित करने की आवश्यकता के बारे में बात की और देश की विरासत को संरक्षित करने में कला और संस्कृति में योगदान के महत्त्व पर जोर दिया। इस आयोजन में भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के केनरा बैंक के प्रयासों की भी सराहना की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

## मंगलूरु के बंदरगाह पर पहुंचा 'एमएस नौटिका' जहाज

मंगलूरु। मार्शल द्वीप के ध्वज वाला 'एमएस नौटिका' जहाज 501 यात्रियों और चालक दल के 395 सदस्यों के साथ मंगलूरु के बंदरगाह पर पहुंचा। न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी ने शनिवार को कहा कि इस मौसम के दौरान बंदरगाह पर आने वाला यह तीसरा विदेशी जहाज है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 180.5 मीटर की कुल लंबाई और 30 277 टन की वहन क्षमता वाला जहाज शुक्रवार सुबह आठ बजे बंदरगाह पर पहुंचा। जहाज मुंबई और मोरमुगाओ बंदरगाहों से रवाना हुआ था। जहाज को बंदरगाह पर बर्थ संख्या चार पर खड़ा किया गया है। मंगलुरु के बैंड वादकों और अन्य कलाकारों ने पर्यटकों का स्वागत किया।

मंगलूरु और उसके आसपास के स्थानों की यात्रा के लिए वाहनों पर सवार होने से पहले आगंतुकों को मेडिकल स्क्रीनिंग और आव्रजन तथा सीमा शुल्क काउंटर से गुजरना पड़ा। पर्यटकों ने पुराने सेंट अलॉयसियस चैपल गोकर्णनाथेश्वर मंदिर और करकला गोमतेश्वर मंदिर सहित अन्य स्थानों का दौरा किया। उन्होंने शहर के स्थानीय बाजार में भी समय बिताया।

# 'विजय दिवस' पर शहीदों को किया नमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यालय प्रशिक्षण कमान ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में 'विजय दिवस' मनाया। उसने कहा कि युद्ध में जीत भारतीय सशस्त्र बलों के सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्व, साहस और धैर्य की प्रतीक है, जो वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर, शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यालय टीसी युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। एयर मार्शल एसके इंदौरिया ने भारतीय सेना और नौसेना के अधिकारियों के साथ युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस समारोह में उन पूर्व सैनिकों ने भी शिरकत की, जिन्होंने 1971 का युद्ध लड़ा था।



# 'सावरकर की तस्वीर हटाई गई तो नेहरू की भी तस्वीर हटा दी जाएगी'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने शुक्रवार को कहा कि अगर बेलगावी में सुवर्ण सौध के विधानसभा हॉल से वीर सावरकर की तस्वीर हटा दी गई तो दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर भी हटा दी जाएगी। यतनाल ने यह बात कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे की उस टिप्पणी पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा के प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की तस्वीर हटा दी जानी चाहिए।

भाजपा विधायक ने कहा कि अगर दस प्रियांक खरगे भी ऐसा प्रयास करें, तो भी वीर सावरकर की तस्वीर को हटाना संभव नहीं है।

यदि वीर सावरकर की तस्वीर हटाने का कोई प्रयास किया जा रहा है और नेहरू की तस्वीर लगाई गई है तो हम नेहरू की तस्वीर हटा देंगे।

उन्होंने आगे कहा, 'हम भी इस बारे में बहुत स्पष्ट हैं। कांग्रेस विधायक बसवराज रायरेड्डी ने सुझाव दिया कि कोई भी तस्वीर नहीं हटाई जानी चाहिए और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नेहरू और अन्य महान हस्तियों की तस्वीरें लगानी होंगी।

नमन



जयपुर में शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय के प्रतीक 'विजय दिवस' के अवसर पर अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया।

# महिलाओं की सुरक्षा और भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' हमारी प्राथमिकता : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' और गरीबों का उत्थान व कल्याण उनकी सरकार की प्राथमिकताएं होंगी। यहां महारानी कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य भर के लोगों से सुझाव लेने के बाद तैयार किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र में किए गए वादों को लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जो दृष्टिकोण है उसे हम आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा हमारी सरकार महिलाओं के उत्थान, बालिकाओं के कल्याण, और गरीबों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है।

शर्मा ने कहा, महिलाएं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो .. निश्चित रूप से हमारी यह सरकार इसके लिये काम करेगी। उन्होंने कहा, प्रदेश में जिस तरह से भ्रष्टाचार पनपा है.. निश्चित रूप से हम 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य बर्दाश्त) पर काम करने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा जो कहती है वो करती है और प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं सबकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है।

उन्होंने कहा, गरीब की सेवा, वंचितों का सम्मान हमारी सरकार का मूल मंत्र रहा है। हमारी सरकार गरीब कल्याण के लिये समर्पित सरकार है। मकान, खाद्य सुरक्षा, वित्तीय सशक्तिकरण, जनजातीय क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास, कमजोर वर्गों को नौकरियों में एवं शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण, सामाजिक विकास, हर घर नल से जल, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा, व्यापार सुगमता जैसे अनेक कदम हमारी सरकार उठायेगी। शर्मा ने कहा, हमारा घोषणा पत्र पूरी तरह से हमारा सरकारी दस्तावेज है.. हम घोषणा पत्र की एक एक वादे को पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और उनकी निगरानी करने के लिए एक अलग प्रकोष्ठ बनाया गया है। कार्यक्रम का आयोजन 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शुभारंभ के लिए किया गया था। शर्मा ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के उत्थान के लिए योजनाएं शुरू की गई हैं और इस यात्रा के माध्यम से उनका सही ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिले। शर्मा ने बताया कि यात्रा की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर शुक्रवार को एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा यह समिति देखेगी कि पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं और अगर पात्रता के बावजूद व्यक्ति का नाम नहीं होगा तो इसकी जवाबदेही तय की जाएगी।

## गहलोत ने राजस्थान के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल को बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई व कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमें आशा है कि नवगठित राजस्थान सरकार हमारी चिरंजीवी, अन्नपूर्णा, उड़ान, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, राजस्थान के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई व कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

उन्होंने कहा, हमें आशा है कि नवगठित राजस्थान सरकार हमारी चिरंजीवी, अन्नपूर्णा, उड़ान, ओपीएस सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं भी दीं। भजन लाल शर्मा ने इससे पहले दिन में एक समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह में गहलोत भी शामिल हुए थे।

गहलोत ने एक अन्य पोस्ट में कहा, आज नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात हुई। इस दौरान जोधपुर एलिवेटेड रोड के संबंध में चर्चा हुई एवं मंत्री महोदय को इस सड़क के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (गडकरी) ने आश्वासन दिया है कि एलिवेटेड रोड के काम को प्राथमिकता में रखा जाएगा।

## बाड़मेर बॉर्डर पर छह पैकेट हेरोइन बरामद

जैसलमेर ।राजस्थान के बाड़मेर बार्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने करोड़ों रुपये मूल्य के हेरोइन के छह पैकेट बरामद किए हैं। घटना शुक्रवार देर रात की है, जब बाड़मेर से लगते केलनोर अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बीएसएफ ने बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई में केलनोर बॉर्डर के आसपास बीएसएफ को अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के छह पैकेट मिले। यह हेरोइन सीमा पार पाकिस्तान से आने का अंदेशा जताया जा रहा है। दो दिन पहले पाकिस्तान की तरफ से आते हुए फुटप्रिंट बीएसएफ को दिखे थे। बीएसएफ अधिकारियों ने फुटप्रिंट के आधार पर छह पैकेट हेरोइन बरामद किए। शुक्रवार रात को भी बीएसएफ को एक और फुटप्रिंट दिखाई दिया। अब बीएसएफ पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गौरतलब है कि राजस्थान का बाड़मेर बॉर्डर गुजरात फ्रंटियर के अधीन है।

## आरएएस अधिकारी योगेश कुमार श्रीवास्तव बने मुख्यमंत्री के ओएसडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी योगेश कुमार श्रीवास्तव को शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष अधिकारी (ओएसडी) बनाया गया। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर शनिवार को जारी आदेश के अनुसार पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षारत योगेश कुमार श्रीवास्तव का स्थानान्तरण/ पदस्थापन विशेषाधिकारी, मुख्यमंत्री राजस्थान जयपुर के पद पर राज्य हित में तुरंत प्रभाव से किया जाता है। 2008 बैच के आरएएस अधिकारी श्रीवास्तव 14 दिसंबर से पदस्थापन्न की प्रतिक्षा में (एपीओ) थे। इससे पहले, वह नयी दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उप सचिव थे।

वहीं कार्मिक विभाग ने चार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को आगामी आदेशों तक पदस्थापन प्रतीक्षा में रखा जाने के आदेश जारी किये है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका, मुख्यमंत्री के सचिव गौरव गोयल, मुख्यमंत्री की सचिव आरती डोगरा, मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव राजन विशाल को शनिवार को आगामी आदेशों तक पदस्थापन आदेशो (एपीओ) की प्रतीक्षा में रखा गया है।

भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। कुछ समय बाद विभाग ने तीन आईएएस अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में अस्थाई प्रभार दे दिया। आईएएस अधिकारी टी. रविकांत को शुक्रवार को मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव का प्रभार दिया गया वहीं आनंदी को मुख्यमंत्री के सचिव और डॉ सौम्या झा को अस्थायी रूप से मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

## ज्वैलर्स शॉप से 35 लाख का सोना-चांदी चोरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। पुरानी मण्डी क्षेत्र स्थित सागर ज्वैलर्स के बीती रात को चोरों ने ताले तोड़कर करीब 35 लाख रुपए के गहने व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात में इलेक्ट्रिक कटर का भी इस्तेमाल किया है। सीसीटीवी में तीन-चार चोरों का फुटेज दिखाई दिया है। कोतवाली थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

चोरी की वारदात पुरानी मण्डी के सामने सेन्ट्रल गर्ल्स स्कूल के निकट स्थित सागर ज्वैलर्स में हुई है। संचालक रामगंज निवासी सागर गुप्ता ने बताया कि सुबह 6 बजे उनके पास फोन आया था कि उनकी दुकान का ताला टूटा व शटर ऊंचा है। चैक किया तो दुकान में रखे सोने-चांदी के गहने व नगदी नदारद थी। गुप्ता ने बताया कि चोरी गए माल का फिलहाल आकलन नहीं किया है। लेकिन मोटे तौर पर लगभग 30 से 35 लाख रुपए का सोना-चांदी व 40 हजार रुपए की नगदी चोरी होने का अनुमान है।

पीड़ित ज्वैलर्स की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही थाना पुलिस की टीम व जिला स्पेशल टीम ने जांच करते हुए कुछ संदिग्धों की धरपकड़ की है। जिनसे पुलिस मामले में गहनता से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

# हनुमान बेनीवाल ने छोड़ी सांसदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा इस्तीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। आरएलपी सांसद बेनीवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद का चुनाव जीते थे। हनुमान बेनीवाल ने खींवसर विधानसभा से चुनाव जीतने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शनिवार को इस्तीफा सौंप दिया। हनुमान बेनीवाल ने इस बार अपनी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ा। इस बार उनकी जीत का अंतर भी कम हो गया और अपनी पार्टी के वे केवल एकमात्र विधायक चुने गए। हनुमान बेनीवाल इस बार बीजेपी के रेंवतराम डांगा से महज 2059 वोटों से चुनाव जीते हैं।

मालूम हो कि, हनुमान बेनीवाल विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में लोकसभा चुनाव के समय वे एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए। इसलिए एनडीए ने राजस्थान की नागौर सीट उनके लिए छोड़ दी। वे एनडीए प्रत्याशी के तौर पर नागौर के सांसद चुने गए। उन्होंने खींवसर की खाली हुई सीट पर उपचुनावों में अपने भाई नारायण बेनीवाल को उतारा। उस समय भी बीजेपी ने गठबंधन को देखते हुए वहां अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं किया और आरएलपी को समर्थन दिया। बाद में हनुमान बेनीवाल कृषि कानूनों को लेकर एनडीए गठबंधन से अलग हो गए। हनुमान बेनीवाल ने बीजेपी से अलग होकर अपनी पार्टी आरएलपी बनाई। लेकिन विधानसभा चुनाव 2023 में इस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। पार्टी के तीन विधायक हार गए। केवल हनुमान बेनीवाल खुद ही चुनाव जीत पाए। हनुमान बेनीवाल मूलत: नागौर जिले के रहने वाले हैं। वे छात्रकाल से राजनीति में सक्रिय हैं। वे राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। छात्र राजनीति से निकलने के बाद उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया था। साल 2008 में वे बीजेपी के टिकट पर खींवसर से पहली बार विधायक चुने गए। बाद में उन्होंने बीजेपी छोड़ दी। आरएलपी नाम से अलग पार्टी बना ली।

स्वागत



शनिवार को अलवर प्रवास के दौरान दौसा और अलवर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत करते हुए।

## गहलोत के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका समेत सीएमओ से पुराने अफसर एपीओ

जयपुर। राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के बाद सीएमओ से पूर्व सीएम अशोक गहलोत के प्रिंसिपल सेक्रेटरी कुलदीप रांका समेत 4 आईएएस अफसरों को शनिवार को एपीओ कर दिया गया। इनमें गौरव गोयल, राजन विशाल और आरती डोगरा हैं। खास बात यह है कि सीएमओ में शुक्रवार को टी. रविकांत को प्रिंसिपल सेक्रेटरी, आनंदी को सेक्रेटरी और डॉ. सौम्या झा को संयुक्त सचिव लगाया गया था। लेकिन, पुराने अफसरों को ना तो एपीओ किया गया और ना ही उन्हें कोई दूसरी पोस्टिंग दी गई थी। इससे असमंजस की स्थिति बन गई थी। खास खबर डॉट कॉम ने शुक्रवार को ही अपनी खबर में यह मुद्दा उठाया था।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक गौरव गोयल के पास मुख्यमंत्री के सचिव के साथ-साथ सूचना एवं जन संपर्क विभाग का भी चार्ज था। इसी तरह राजन विशाल मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव के साथ राजस्थान स्टेट सर्विस डिलीवरी वार रूम के सीओओ थे। जबकि आरती डोगरा मुख्यमंत्री के सचिव का काम देख रही थीं।

मुलाकात



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

## प्रदेश में मौसम सामान्य, ज्यादातर संभागों में तापमान सामान्य से अधिक

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान का मौसम फिलहाल सामान्य बना हुआ है। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में या तो तापमान सामान्य है या सामान्य से अधिक रहा। पूर्वी राजस्थान में फतेहपुर और पश्चिमी राजस्थान में संगरिया सबसे ठंडे इलाके रहे। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तथा संगरिया में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिलहाल मौसम शुष्क है और आने वाले कुछ दिनों के लिए तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन भी नहीं बताया जा रहा। फतेहपुर सबसे ठंडा और सबसे गर्म क्षेत्र रहा। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान यहां 27.1 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा।

## बाइक सवार बदमाशों ने छात्राओं के गले और हाथ को धारदार हथियार से काटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। जिला मुख्यालय पर तार-तार कानून व्यवस्था के बीच बाइक सवार बदमाशों ने कॉलेज जा रही दो छात्रों पर बीच बाजार जानलेवा हमला कर दिया। बाइक सवार बदमाशों ने छात्राओं के गले व हाथों पर धारदार हथियार से कट लगा दिए।

लहूलुहान छात्राएं परिजनों के पास पहुंची और कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। लेकिन पुलिस तीन दिन में भी बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है। महिला सुरक्षा को मुद्दा बनाकर सत्ता में आई भाजपा सरकार के लिए इस घटना को चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। गायत्री नगर से छात्राएं पीजी कॉलेज पढ़ने के लिए जा रही थी इस बीच किताब घर के सामने बाइक सवार बदमाशों ने छात्राओं के गले व हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बाइक सवार तीनों बदमाश चेहरे पर नकाब पहने हुए थे। घटना के बाद शहर में सनसनी मची हुई है। पुलिस की लापरवाही को हर कोई कोस रहा है।

लोगों का कहना है कि शहर में बाइकर्स का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। गली मोहल्लों और रोड पर तेजी से बाइक दौड़ाते बदमाश पलक झपकते ही महिलाओं के गले से चेन तोड़ कर ले जा रहे हैं। अभी हाल ही के दिनों में पार्षद आशा देवी गुप्ता के गले से बाइक सवार बदमाशों ने बीच बाजार चेन तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन महिला की सजगता से बदमाश कामयाब नहीं हो पाए।

चेहरा ढके यह बदमाश दिन भर शहर की सड़कों पर आतंक मचाते हैं। बाइक पर हीटर, पटाखे व सायरन बजाते हुए तेजी से निकलते हैं। इससे कई बार हादसे हो चुके हैं। पुलिसकर्मी इन्हें मूक दर्शक बनकर देखते रहते हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं कर पाते। छात्राओं के गले व हाथ पर धारदार हथियार से कट लगने पर परिजन सकते में हैं। तीन दिन से पुलिस के चक्कर काटते काटते परेशान होकर पीड़ित छात्राओं ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखने के बावजूद पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़ित छात्राओं का कहना है कि तीन दिन से बहुत परेशान, भयभीत व घबरा गई हैं, हमारी जान को खतरा है। तीनों बाइक सवार लड़कों को दंडित करें, हमें भयमुक्त करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कुर्सी संभालते ही प्रदेश में बीते पांच सालों में बढ़े महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध और गैंगस्टरो के सफाए के लिए सख्त हो गए हैं। बीती रात मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश भी दिए हैं। गैंगस्टरो के सफाए की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में महिला सुरक्षा प्रदेश में एक बड़ा मुद्दा रहा है। प्रदेश की महिलाओं में सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए ताकि प्रदेश की मातृशक्ति को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके साथ ही, असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे महिलाओं के विरुद्ध होने वाले सभी अपराधों की पूर्णतया रोकथाम हो सके।

### गैंगस्टर्स का सफाया करने का ऐलान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 5 सालों में प्रदेश में बड़ी संख्या में गैंग और गैंगस्टर पनपे हैं। आमजन इनके आतंक के साये में जीवन व्यतीत करने के लिए विवश था। इनकी गतिविधियों की वजह से प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। इसे वापस पटरी पर लाने तथा प्रदेश में शांति एवं सुशासन की पुर्नस्थापना के लिए संगठित अपराध का उन्मूलन आवश्यक है। इसके लिए एडीजीपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष कार्यदल के गठन का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य सभी प्रकार के गैंगस्टर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करना होगा।

## हनीट्रैप के जरिये ढाई लाख रूपए की ठगी

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में एक कोचिंग संचालक को अपने मोहजाल में फंसा हनीट्रैप के जरिये ढाई लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। गिर्राज कॉलोनी निवासी कुलदीप चतुर्वेदी ने अपने कोचिंग सेंटर में काम करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर तिलक नगर निवासी एक युवक एवं उसकी पत्नी को नामजद कर इस बारे में मामला दर्ज कराया है। मूल रूप से जघीना निवासी कोचिंग संचालक द्वारा दर्ज कराए गए मामले में कहा गया है कि कुछ माह पहले किसी फर्जकारी के मामले में कम्प्यूटर ऑपरेटर के जेल चले जाने के बाद उसकी पत्नि सहानुभूति में उससे सामान एवं पैसा लेती रही लेकिन जेल से रिहा होने के बाद महिला के पति ने अपनी पत्नी के साथ उसके अश्लील फोटो एवं वीडियो को वायरल करने की धमकी देते 20 लाख रुपए की डिमांड कर डाली, साथ ही डरा धमका कर ढाई लाख रुपए की रकम भी ऐंठ ली। कोचिंग संचालक के अनुसार हनीट्रैप में फंसकर वह डर गया और डिप्रेशन में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया लेकिन किसी तरह से उसकी जान बच गई। थाना कोतवाली पुलिस मामले की जाँच कर रही है।



# चिकित्सकों को 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ काम करना चाहिए : मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि सभी चिकित्सकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने से प्रेरणा लेते हुए 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से कार्य करना चाहिए।

मांडविया शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (लखनऊ एसजीपीजीआई) के 28वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयुर्विज्ञान संस्थान देश के बेहतरीन संस्थानों में से एक है। मेरी आशा है, जिन छात्रों ने यहां से शिक्षा ग्रहण की है, वो नागरिकों को अपनी उत्तम सेवाएं प्रदान करेंगे और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

मांडविया ने कहा कि सभी चिकित्सकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने से प्रेरणा लेते हुए 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, मरीज का केवल उपचार नहीं बल्की उनकी सेवा करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है और स्वस्थ राष्ट्र ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के 'लोगो' में धन्वंतरि की तस्वीर लगाने को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने कहा कि धन्वंतरि भारत के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रतीक हैं और सभी को अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। 'लोगो' में बदलाव गुलामी की मानसिकता को खत्म करना है।

# समय बदल गया है, अब झूठ से नहीं काम से वोट मिलता है: जेपी नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि समय बदल गया है और रिपोर्ट कार्ड बोलता है। उन्होंने कहा कि झूठ से वोट नहीं मिलता बल्कि काम से वोट मिलता है।

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में भाजपा द्वारा आयोजित एक अभिनंदन समारोह में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अपने किए वादों को पूरा किया बल्कि उन्होंने जो वादे नहीं भी किए थे उन्हें भी पूरा किया। लोगों को उनकी गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट पाने के लिए झूठ का सहारा लेती है जबकि भाजपा देश के लोगों के कल्याण के लिए काम करती है, इसलिए वह (चुनाव में) चुनी जाती है।



नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को 3,378 करोड़ रुपये दिए हैं और कहा कि प्रधानमंत्री राज्य को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां के लोगों की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार से कहा, आप पैसा खर्च करें और केंद्र आपको और अधिक धन देगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की एक ही गारंटी है कि गारंटी पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की महिलाएं अब भी 1,500 रुपये प्रति माह का इंतजार कर रही हैं, लोग अब भी अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूलों की तलाश में हैं, युवा नौकरियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जबकि किसान उस समय का इंतजार कर रहे हैं जब उनसे दो रुपये प्रति किलोग्राम में गोबर और 80-100 रुपये प्रति लीटर दूध खरीदा जाएगा।



# म्यांमा में अस्थिरता और मणिपुर के हथियारबंद समूहों का राज्य पर दुष्प्रभाव : कलिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने शनिवार को कहा कि मणिपुर में युद्धरत समूहों के पास बड़ी संख्या में हथियारों की उपलब्धता और पड़ोसी म्यांमा में अस्थिरता का संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

कलिता ने कहा कि सेना और असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और वहां तैनात केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर राज्य में हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में सक्षम हुई है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच गत कई महीनों के तनाव एवं संघर्ष की स्थिति है। सेना के पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा, दोनों समुदायों के पास बड़ी संख्या में हथियारों की उपलब्धता और सीमा पार म्यांमा में अस्थिरता का मणिपुर की स्थिति पर खासा प्रभाव पड़ा है। वह विजय दिवस पर पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह के बाद बात कर रहे थे। संघर्षग्रस्त राज्य में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं होने की आशंका है लेकिन सेना और असम राइफल्स का उद्देश्य ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करना है। कलिता ने कहा, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा शांति और सुलह प्रक्रिया चलाई जा रही है, हमारा ध्यान हिंसा को कम करने पर रहा है।

# भाजपा महासचिव के रूप में अब भी बड़ी भूमिका में हूं : विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में वह अब भी बड़ी भूमिका में हैं।

इंदौर-1 से विधायक चुने गए विजयवर्गीय ने यह बात ऐसे वक्त कही, जब डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने के बाद मध्यप्रदेश की राजनीति में विजयवर्गीय और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं की आगामी भूमिका को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं। सियासी समीक्षक विजयवर्गीय को भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिन रहे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले दिनों में विजयवर्गीय सूबे में बड़ी भूमिका में नजर आएंगे, भाजपा के 67 वर्षीय नेता ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया में कहा, ''मैं अब भी बड़ी भूमिका में हूं। मैं भाजपा का महामंत्री हूं। यादव की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल के प्रतीक्षित गठन पर उन्होंने कहा कि पार्टी की 17 दिसंबर को आयोजित एक बैठक में इस विषय में निर्णय हो जाएगा। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू का नाम लिए बगैर विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद से कथित तौर पर जुड़े परिसरों से करीब 400 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति मिलने के मामले को दबाने के लिए संसद की सुरक्षा में चूक के हालिया मामले को विपक्ष जबर्दस्ती तूल दे रहा है। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक के मामले की जांच की जा रही है और खुद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार इस प्रकरण की तह तक जाएगी। भाजपा महासचिव ने आगे कहा, ''इसके बावजूद यदि विपक्ष के लोग संसद में हंगामा कर रहे हैं, तो लगता है कि उनका इरादा नेक नहीं है।

# भाजपा नेताओं का कद चाहे जितना बड़ा हो, जिम्मेदारी बदलती रहती है : दिनेश शर्मा



**नोएडा/भाषा।** राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्रियों की हालिया नियुक्ति पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक कैडर आधारित पार्टी है और यह छोटे या बड़े कार्यकर्ताओं के बीच अंतर नहीं करती। शर्मा ने कहा कि जिम्मेदारियों में बदलाव भाजपा का अभिन्न अंग है और पार्टी कार्यकर्ता ऐसे बदलावों से गुजरते हैं भले ही उनका कद कुछ भी हो। भाजपा नेता ने कहा कि वह 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री थे, लेकिन जब उनकी भूमिका बदली तो वह अगले ही दिन बिना किसी हिचकिचाहट के एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में मैदान में उतर गए।

शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, भाजपा में छोटे-बड़े पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। उनके साथ समान व्यवहार किया जाता है और किसी भी कार्यकर्ता को मौका मिल सकता है। यहं तक दिग्गज भी जिम्मेदारियां बदलने पर नहीं हिचकिचाते।

हालिया विधानसभा चुनावों में जीत के बाद एक चौंकाने वाला कदम उठाते हुए भाजपा ने मोहन यादव, भजन लाल शर्मा और विष्णु देव साय को क्रमशः मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में चुना।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू 'गांधी परिवार के एटीएम' : धर्मेंद्र प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कांग्रेस सांसद धीरज साहू पर 'गांधी परिवार के एटीएम' के रूप में काम करने का आरोप लगाया।

आयकर विभाग ने हाल ही में साहू के परिवार के स्वामित्व वाली ओडिशा की कंपनी बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से 351 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। साहू झारखंड से राज्यसभा सांसद हैं। साहू पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस की ओडिशा इकाई ने कहा कि आयकर विभाग ने अभी तक जब्ती के संबंध में किसी का नाम नहीं लिया है। साहू ने शुक्रवार को स्पष्ट किया था कि जब्त की गई नकदी का कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं है जैसा कि दावा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सारा पैसा सिर्फ उनका नहीं बल्कि उनके परिवार और शराब के व्यापार में उनके साझेदारों का है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, यह धीरज साहू का पैसा नहीं बल्कि राहुल, प्रियंका गांधी भाई-बहन दोनों का पैसा है। साहू, गांधी परिवार के एटीएम के रूप में काम करते हैं। लोगों को उनका बयान हजम नहीं हो रहा है।

प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि साहू अपने हितों के हिसाब से विभिन्न राज्यों की आबकारी नीतियों में अक्सर बदलाव किया करते थे। भाजपा नेता ने यह जानना चाहा कि यह नकदी कहां से आई।

# सहारनपुर : गोकशी के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र)/भाषा।** सहारनपुर जिले में कथित गोकशी के आरोप में शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को शिकायत के हवाले से बताया कि 10 दिसंबर को अभियुक्त जावेद की शादी की दावत के लिये गोकशी की गई थी। इस मामले में फतेहपुर थाना के उपनिरीक्षक महेश चंद ने अतीक व अन्य के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

जैन ने बताया कि फतेहपुर थाना पुलिस ने शनिवार को जावेद, अयूब, शावेज, नईम और जाल्ला उर्फ अफजाल को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# मेरठ : उप्र एसटीएफ ने अवैध हथियार फैक्टरी का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**मेरठ(उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) एवं स्थानीय पुलिस की टीम ने मेरठ में कथित तौर पर एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ कर मौके से 32 बोर की दो तैयार पिस्तौल और अवैध हथियार बनाने में इस्तेमाल की जा रही मशीनों और औजारों को जब्त किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो रिश्ते में पिता पुत्र हैं।

पुलिस अधीक्षक(एसपी), एसटीएफ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लिसाड़ी गेट क्षेत्र निवासी मोइनुद्दीन और तौसीफ के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल आसिफ नामक आरोपी को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

एसपी सिंह के अनुसार शनिवार को एसटीएफ की मेरठ इकाई ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर शहर के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के एक मकान में छापा मारा।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार पिता-पुत्र ने बताया कि वे पहले लोहे का काम करते थे लेकिन धंधा मंदा होने पर मोहल्ले के ही आसिफ की मदद से अवैध हथियार बनाने का काम शुरू कर दिया।

सिंह के मुताबिक दोनों से आसिफ के साथी 20-22 हजार रुपये में एक पिस्तौल खरीदते थे और अपने ग्राहकों को 30-35 हजार रुपये में उसे बेचते थे।

सिंह ने पूछताछ के आधार पर बताया कि गिरफ्तार आरोपी अबतक 60 से 70 पिस्तौल बेच चुके हैं।



# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराकर इतिहास रचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नवी मुंबई/भाषा।** अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने लगातार दूसरे दिन गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को तीसरे दिन ही रिकॉर्ड 347 रन से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा।

ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से भारत ने महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उसने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 1998 में पाकिस्तान को 309 रन से हराया था। भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद इंग्लैंड की टीम को 136 रन पर समेट दिया था।

यह भारतीय टीम की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 15 टेस्ट मैच में पहली जीत है। इससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में बढ़े मनोबल के साथ भाग लेगी। पिछले तीन दिन में भारतीय टीम ने ऐसी कोई कमजोरी नहीं दिखाई जिससे यह लगे कि वह पिछले दो वर्षों में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही है। यह भारत का पिछले नौ वर्ष में घरेलू धरती पर पहला टेस्ट मैच था। इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों और विशेषकर दीप्ति के सामने जूझते हुए नजर आए। दीप्ति ने पहली पारी में सात रन देकर पांच विकेट लिए थे। भारत की पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाली दीप्ति को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। विशाल लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने टैमी ब्यूमोंट (17) का ऑफ स्टंप थर्राकर भारत को पहली सफलता दिलाई।



# देश में आज भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं : निर्भया के पिता

**बलिया (उप्र)/भाषा।** दिल्ली के निर्भया घटना की 11वीं बरसी पर शनिवार को उसके पिता ने कहा कि इस कांड के ग्यारह साल बाद अब तक कुछ नहीं बदला है और देश में आज भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने देश को कई मामले में ऊंचाई पर ले जाने का ऐतिहासिक कार्य किया है, लेकिन महिला सुरक्षा और महिलाओं के साथ दरिंदगी रोकने के मामले में अब तक वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं।

फिजियोथेरेपी की 23 वर्षीय प्रशिक्षु ( बदला नाम निर्भया) से 16 दिसंबर 2012 की रात को दक्षिण दिल्ली में एक बस के भीतर छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था और उससे क्रूरता की थी। इसके बाद चलती बस से उसे फेंक दिया था। निर्भया की 29 दिसंबर को सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में मौत हो गयी थी। घटना के ग्यारह साल बाद शनिवार को निर्भया के पिता ने अपनी बेटी को बलिया जिले स्थित अपने पैतृक गांव में श्रद्धांजलि दी।

# कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन में शामिल पार्टियां संसद सुरक्षा सेंध मामले के आरोपियों को बचा रहीं : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य दलों पर 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मामले आरोपियों को बचाने के लिए इस मामले पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि 'इंडिया' में शामिल पार्टियां सुरक्षा सेंध मामले के अपराधियों के साथ खड़ी हैं क्योंकि उनके साथ इन दलों के संबंध सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर कभी भी ओछी राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन कुछ लोगों का राजनीतिक चरित्र और राजनीतिक डीएनए ऐसा है कि वे सुरक्षा के मुद्दे पर भी ओछी राजनीति करते हैं... हम सभी को बिना किसी किंतु-परंतु के घटना की निंदा करनी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि 'अपरिपक्व' नेता राहुल गांधी ने 13 दिसंबर की घटना को यह कहकर 'शर्मनाक' तरीके से उचित ठहराया है कि यह बेरोजगारी और देश में महंगाई के मुद्दे के कारण हुई।

# टेस्ट कप्तानी के मेरे अनुभव की कमी को मुख्य कोच मजूमदार ने पूरा किया : हरमनप्रीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नवी मुंबई/भाषा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में 347 रन के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करने के बाद कहा कि इस प्रारूप में कप्तानी में उनकी अनुभव की कमी को टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार की खेल की समझ ने पूरा किया।

भारत ने महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उसने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 1998 में पाकिस्तान को 309 रन से हराया था। भारत ने महज सात सत्र के अंदर इंग्लैंड को शिकस्त देकर घरेलू सरजमीं पर इस टीम के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। दोनों देशों के बीच 39 टेस्ट में भारत की यह छठी जीत है। कप्तान ने मैच के दौरान अहम फैसला लेने का श्रेय कोच को देते हुए कहा, हमारे कोच ने हमारी बहुत मदद की, मेरे पास टेस्ट में टीम का नेतृत्व करने का कोई अनुभव नहीं था।

## भारत ने दिखाया कि इन परिस्थितियों में कैसे खेलें: हीथर



**नवी मुंबई/भाषा।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट ने शनिवार को स्वीकार किया कि भारत ने उन्हें दिखाया कि इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों में कैसे खेलना है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने शनिवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड को तीन दिन के अंदर 347 रन से रौंदकर महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम अपनी सरजमीं पर नौ साल के बाद खेल रही थी। तीसरे दिन इंग्लैंड ने 10 विकेट गंवा दिये जिसमें ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने मिलकर सात विकेट झटके। नाइट ने मैच खत्म होने के बाद कहा, पिच संभवतः हमारी उम्मीद से थोड़ा अधिक तेजी से खराब हुई। मुझे लगता है कि पहली पारी में यह बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी पिच थी। उन्होंने कहा, आज (शनिवार) उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने दिखाया कि इन परिस्थितियों में कैसे खेलना है। नाइट ने कहा, आज सुबह सीम मूवमेंट ने इसे काफी कठिन बना दिया।

## खेलो इंडिया पैरा खेल

# भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी ने स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली/भाषा।** पैर से तीर चलाने वाली पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को यहां शुरूआती खेलो इंडिया पैरा खेलो के कम्पाउंड वर्ग के ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

शीतल का 141 का स्कोर उत्तर प्रदेश की ज्योति बालियान की चुनौती को परस्त करने के लिये काफी था जिन्होंने 138 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। शीतल ने हाल में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में एक स्वर्ण सहित दो पदक जीते थे। उनके लिए मुकाबला इतना आसान नहीं रहा और ज्योति के खिलाफ उनके कौशल और मानसिक मजबूती ने उन्हें जीत दिलायी। हरियाणा की सरिता ने 137 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा के पैरालंपियन हरविंदर सिंह और उत्तर प्रदेश के विवेक चिकारा भी रिकर्व तीरंदाजी में पदक जीतने वालों में शामिल रहे। हरविंदर ने स्वर्ण, चिकारा ने रजत और हरियाणा के साहिल ने कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता गुजरात की भाविना पटेल ने महिलाओं की क्लास 4 टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में अपनी ही साथी ऊषा राठौड़ को 3-0 (11-7, 11-1, 11-8) से हराया। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता सोनल पटेल ने महिलाओं की क्लास 1-3 स्पर्धा के फाइनल में बिहार की विद्या कुमारी को 3-0 (11-3 11-1 11-2) से हराकर गुजरात के लिए एक और टेबल टेनिस स्वर्ण पदक जीता।




हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के रजत विजेता राजस्थान के रुद्रांश खंडेलवाल ने कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में 223.4 के स्कोर से स्वर्ण पदक हासिल किया।

## सुविचार

**ये मत सोचिये कि कौन, कब,कहाँ, कितना बदल गया, बस ये सोचिये कि क्या दे गया और क्या सीखा गया।**

## ट्वीट

आज पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी-पटरी वाले साथियों को बैंकों से सस्ता और आसान ऋण मिल रहा है। देश में 50 लाख से अधिक ऐसे साथियों को बैंकों से मदद मिल चुकी है। इस यात्रा के दौरान भी सवा लाख साथियों ने मौके पर ही पीएम स्वनिधि के लिए आवेदन किया है।

-सीपी जोशी

विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है। इस एक महीने में ये यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर शहर छोटे शहर हैं।

-नरेन्द्र मोदी

## कहानी

# मिठाईवाला

भगवतीप्रसाद वाजपेयी

बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता - बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला। इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र किन्तु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुननेवाले एक बार अस्थिर हो उठते। उनके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ उपयुक्त गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अन्तर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

बच्चे खिलौने देखकर पुलकित हो उठते। वे पैसे लाकर खिलौने का मोल-भाव करने लगते। पूछते - इछका दाम क्या है, औल इछका? औल इछका? खिलौनेवाला बच्चों को देखता, और उनकी नन्हीं-नन्हीं उँगलियों से पैसे ले लेता, और बच्चों की इच्छानुसार उन्हें खिलौने दे देता। खिलौने लेकर फिर बच्चे उछलने-कूदने लगते और तब फिर खिलौनेवाला उसी प्रकार गाकर कहता - बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला। सागर की हिलोर की भाँति उसका यह मादक गान गली भर के मकानों में इस ओर से उस ओर तक, लहराता हुआ पहुँचता, और खिलौनेवाला आगे बढ़ जाता।

राय विजयबहादुर के बच्चे भी एक दिन खिलौने लेकर घर आए! वे दो बच्चे थे - चुन्नू और मुन्नू! चुन्नू जब खिलौने ले आया, तो बोला - मेला घोला कैछा छुन्दल ऐ?

मुन्नू बोला - औल देखो, मेला कैछा छुन्दल ऐ? दोनों अपने हाथी-घोड़े लेकर घर भर में उछलने लगे। इन बच्चों की माँ रोहिणी कुछ देर तक खड़े-खड़े उनका खेल निरखती रही। अन्त में दोनों बच्चों को बुलाकर उसने पूछा - अरे ओ चुन्नू - मुन्नू, ये खिलौने तुमने कितने में लिए है?

मुन्नू बोला - दो पैछे में! खिलौनेवाला दे गया ऐ। रोहिणी सोचने लगी - इतने सस्ते कैसे दे गया है? कैसे दे गया है, यह तो वही जाने। लेकिन दे तो गया ही है, इतना तो निश्चय है! एक जरा-सी बात ठहरी। रोहिणी अपने काम में लग गई। फिर कभी उसे इस पर विचार की आवश्यकता भी भला क्यों पड़ती। छह महीने बाद। नगर भर में दो-चार दिनों से एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया। लोग कहने लगे - भाई वाह! मुरली बजाने में वह एक ही उस्ताद है। मुरली बजाकर, गाना सुनाकर वह मुरली बेचता भी है सो भी दो-दो पैसे भला, इसमें उसे क्या मिलता होगा। मेहनत भी तो न आती होगी!

एक व्यक्ति ने पूछ लिया - कैसा है वह मुरलीवाला, मैंने तो उसे नही देखा!

उत्तर मिला - उम्र तो उसकी अभी अधिक न होगी, यही तीस-बत्तीस का होगा। दुबला-पतला गोरा युवक है, बीकानेरी रंगीन साफा बाँधता है।

वही तो नहीं, जो पहले खिलौने बेचा करता था? 'क्या वह पहले खिलौने भी बेचा करता था?'

हाँ, जो आकार-प्रकार तुमने बतलाया, उसी प्रकार का वह भी था।

तो वही होगा। पर भई, है वह एक उस्ताद।

प्रतिदिन इसी प्रकार उस मुरलीवाले की चर्चा होती। प्रतिदिन नगर की प्रत्येक गली में उसका मादक, मृदुल स्वर सुनाई पड़ता - बच्चों को बहलानेवाला, मुरलियावाला।

रोहिणी ने भी मुरलीवाले का यह स्वर सुना। तुरन्त ही उसे खिलौनेवाले का स्मरण हो आया। उसने मन ही मन कहा - खिलौनेवाला भी इसी तरह गा-गाकर खिलौने बेचा करता था।

रोहिणी उठकर अपने पति विजय बाबू के पास गई - जरा उस मुरलीवाले को बुलाओ तो, चुन्नू-मुन्नू के लिए ले लूँ। क्या पता यह फिर इधर आए, न आए। वे भी, जान पड़ता है, पार्क में खेलने निकल गए है। विजय बाबू एक समाचार पत्र पढ़ रहे थे। उसी तरह उसे लिए हुए वे दरवाजे पर आकर मुरलीवाले से बोले - क्यों भई, किस तरह देते हो मुरली?

किसी की टोपी गली में गिर पड़ी। किसी का जूता पार्क में ही छूट गया, और किसी की सोथनी (पाजामा) ही ढीली होकर लटक आई है। इस तरह दौड़ते-हाँफते हुए बच्चों का झुण्ड आ पहुँचा। एक स्वर से सब बोल उठे - अम बी लेंदे मुल्ली, और अम बी लेंदे मुल्ली।

मुरलीवाला हर्ष-गद्गद हो उठा। बोला - देंगे भैया! लेकिन जरा रुको, ठहरो, एक-एक को देने दो। अभी इतनी जल्दी हम कहीं लौट थोड़े ही जाएँगे। बेचने तो आए ही हैं, और हैं भी इस समय मेरे पास एक-दो नहीं, पूरी सत्तावन।... हाँ, बाबूजी, क्या पूछा था आपने कितने में दीं!... दी तो वैसे तीन-तीन पैसे के हिसाब से है, पर आपको दो-दो पैसे में ही दे दूँगा।

विजय बाबू भीतर-बाहर दोनों रूपों में मुस्करा दिए। मन ही मन कहने लगे - कैसा है। देता तो सबको इसी भाव से है, पर मुझ पर उलटा एहसान लाद रहा है। फिर बोले - तुम लोगों की झूठ बोलने की आदत होती है। देते होगे सभी को दो-दो पैसे में, पर एहसान का बोझा मेरे ही ऊपर लाद रहे हो।

मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा। बोला - आपको क्या पता बाबू जी कि इनकी असली लागत क्या है। यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीज क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं - दुकानदार मुझे लूट रहा है। आप भला काहे को विश्वास करेंगे? लेकिन सच पूछिए तो बाबूजी, असली दाम दो ही पैसा है। आप कहीं से दो पैसे में ये मुरलियाँ नहीं पा सकते। मैंने तो पूरी एक हजार बनवाई थीं, तब मुझे इस भाव पड़ी हैं।

विजय बाबू बोले - अच्छा, मुझे ज्यादा वक्त नहीं, जल्दी से दो ठो निकाल दो।

दो मुरलियाँ लेकर विजय बाबू फिर मकान के भीतर पहुँच गए। मुरलीवाला देर तक उन बच्चों के झुण्ड में मुरलियाँ बेचता रहा। उसके पास कई रंग की मुरलियाँ थीं। बच्चे जो रंग पसन्द करते, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल देता।

यह बड़ी अच्छी मुरली है। तुम यही ले लो बाबू, राजा बाबू तुम्हारे लायक तो बस यह है। हाँ भैए, तुमको वही देंगे। ये लो।... तुमको वैसी न चाहिए, यह नारंगी रंग की, अच्छा वही लो।.... ले आए पैसे? अच्छा, ये लो तुम्हारे लिए मैंने पहले ही निकाल रखी थी...! तुमको पैसे नहीं मिले। तुमने अम्मा से ठीक तरह माँगे न होंगे। धोती पकड़कर पैरों में लिपटकर, अम्मा से पैसे माँगे जाते हैं बाबू! हाँ, फिर जाओ। अबकी बार मिल जाएँगे...। दुअन्नी है? तो क्या हुआ, ये लो पैसे वापस लो। ठीक हो गया न हिसाब?....मिल गए पैसे? देखो, मैंने तरकीब बताई! अच्छा अब तो किसी को नहीं लेना है? सब ले चुके? तुम्हारी माँ के पैसे नहीं हैं? अच्छा, तुम भी यह लो। अच्छा, तो अब मैं चलता हूँ।

इस तरह मुरलीवाला फिर आगे बढ़ गया।



आज अपने मकान में बैठी हुई रोहिणी मुरलीवाले की सारी बातें सुनती रही। आज भी उसने अनुभव किया, बच्चों के साथ इतने प्यार से बातें करनेवाला फेरीवाला पहले कभी नहीं आया। फिर यह सौदा भी कैसा सस्ता बेचता है! भला आदमी जान पड़ता है। समय की बात है, जो बेचारा इस तरह मारा-मारा फिरता है। पेट जो न कराए, सो थोड़ा!

इसी समय मुरलीवाले का क्षीण स्वर दूसरी निकट की गली से सुनाई पड़ा - बच्चों को बहलानेवाला, मुरलियावाला!

रोहिणी इसे सुनकर मन ही मन कहने लगी - और स्वर कैसा मीठा है इसका!

बहुत दिनों तक रोहिणी को मुरलीवाले का वह मीठा स्वर और उसकी बच्चों के प्रति वे स्नेहसिक्त बातें याद आती रहीं। महीने के महीने आए और चले गए। फिर मुरलीवाला न आया। धीरे-धीरे उसकी स्मृति भी क्षीण हो गई।

आठ मास बाद - सर्दी के दिन थे। रोहिणी स्नान करके मकान की छत पर चढ़कर आजानुलंबित केश-राशि सुखा रही थी। इसी समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा - बच्चों को बहलानेवाला, मिठाईवाला। मिठाईवाले का स्वर उसके लिए परिचित था, झट से रोहिणी नीचे उतर आई। उस समय उसके पति मकान में नहीं थे। हाँ, उनकी वृद्धा दादी थीं। रोहिणी उनके निकट आकर बोली - दादी, चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। जरा कमरे में चलकर ठहराओ। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो। जरा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी। दादी उठकर कमरे में आकर बोलीं - ए मिठाईवाले, इधर आना।

मिठाईवाला निकट आ गया। बोला - कितनी मिठाई दूँ, माँ? ये नए तरह की मिठाइयाँ हैं - रंग-बिरंगी, कुछ-कुछ खट्टी, कुछ-कुछ मीठी, जायकेदार, बड़ी देर तक मुँह में टिकती हैं। जल्दी नहीं घुलतीं। बच्चे बड़े चाव से चूसते हैं। इन गुणों के सिवा ये खाँसी भी दूर करती हैं! कितनी दूँ? चपटी, गोल, पहलदार गोलियाँ हैं। पैसे की सोलह देता हूँ। दादी बोलीं - सोलह तो बहुत कम होती हैं, भला पचीस तो देते। मिठाईवाला - नहीं दादी, अधिक नहीं दे सकता। इतना भी देता हूँ, यह अब मैं तुम्हें क्या... खैर, मैं अधिक न दे सकूँगा।

रोहिणी दादी के पास ही थी। बोली - दादी, फिर भी काफी सस्ता दे रहा है। चार पैसे की ले लो। यह पैसे रहे। मिठाईवाला मिठाइयाँ गिनने लगा। तो चार की दे दो। अच्छा, पच्चीस नहीं सही, बीस ही दो। अरे हाँ, मैं बूढ़ी हुई मोल-भाव अब मुझे ज्यादा करना आता भी नहीं। कहते हुए दादी के पोपले मुँह से जरा-सी मुस्कराहरट फूट निकली। रोहिणी ने दादी से कहा - दादी, इससे पूछो, तुम इस शहर में और भी कभी आए थे या पहली बार आए हो? यहाँ के निवासी तो तुम हो नहीं।

दादी ने इस कथन को दोहराने की चेष्टा की ही थी कि मिठाईवाले ने उत्तर दिया - पहली बार नहीं, और भी कई बार आ चुका है।

रोहिणी चिक की आड़ ही से बोली - पहले यही मिठाई बेचते हुए आए थे, या और कोई चीज लेकर?

मिठाईवाला हर्ष, संशय और विस्मयादि भावों मे डूबकर बोला - इससे पहले मुरली लेकर आया था, और उससे भी पहले खिलौने लेकर।

रोहिणी का अनुमान ठीक निकला। अब तो वह उससे और भी कुछ बातें पूछने के लिए अस्थिर हो उठी। वह बोली - इन व्यवसायों में भला तुम्हें क्या मिलता होगा?

वह बोला - मिलता भला क्या है! यही खाने भर को मिल जाता है। कभी नहीं भी मिलता है। पर हाँ; सन्तोष, धीरज और कभी-कभी असीम सुख जरूर मिलता है और यही मैं चाहता भी हूँ।

सो कैसे? वह भी बताओ।

अब व्यर्थ उन बातों की क्यों चर्चा करूँ? उन्हें आप जाने ही दें। उन बातों को सुनकर आप को दु:ख ही होगा।

जब इतना बताया है, तब और भी बता दो। मैं बहुत उत्सुक हूँ। तुम्हारा हर्जा न होगा। मिठाई मैं और भी कुछ ले लूँगी।

अतिशय गम्भीरता के साथ मिठाईवाले ने कहा - मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था। मकान-व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े, नौकर-चाकर सभी कुछ था। स्त्री थी, छोटे-छोटे दो बच्चे भी थे। मेरा वह सोने का संसार था। बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था। स्त्री सुन्दरी थी, मेरी प्राण थी। बच्चे ऐसे सुन्दर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने। उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था। समय की गति! विधाता की लीला। अब कोई नहीं है। दादी, प्राण निकाले नहीं निकले। इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ। वे सब अन्त में होंगे, तो यहीं कहीं। आखिर, कहीं न जन्मे ही होंगे। उस तरह रहता, घुल-घुल कर मरता। इस तरह सुख-संतोष के साथ मरूँगा। इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने उन बच्चों की एक झलक-सी मिल जाता है। ऐसा जान पड़ता है, जैसे वे इन्हीं में उछल-उछलकर हँस-खेल रहे हैं। पैसों की कमी थोड़े ही है, आपकी दया से पैसे तो काफी हैं। जो नहीं है, इस तरह उसी को पा जाता हूँ।

रोहिणी ने अब मिठाईवाले की ओर देखा - उसकी आँखें आँसुओं से तर हैं। इसी समय चुन्नू-मुन्नू आ गए। रोहिणी से लिपटकर, उसका आँचल पकड़कर बोले - अम्माँ, मिठाई! मुझसे लो। यह कहकर, तत्काल कागज की दो पुड़ियाँ, मिठाइयों से भरी, मिठाईवाले ने चुन्नू-मुन्नू को दे दीं! रोहिणी ने भीतर से पैसे फेंक दिए।

मिठाईवाले ने पेटी उठाई, और कहा - अब इस बार ये पैसे न लूँगा। दादी बोली - अरे-अरे, न न, अपने पैसे लिए जा भाई! तब तक आगे फिर सुनाई पड़ा उसी प्रकार मादक-मृदुल स्वर में - बच्चों को बहलानेवाला मिठाईवाला।

- 'हिन्दी समय' से साभार

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# गीता सुगीता....

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।।

अर्थात धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध की इच्छा से एकत्रित हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया?

यह प्रश्न धृतराष्ट्र ने संजय से पूछा था। यही प्रश्न श्रीमद्भगवद्गीता का प्रथम श्लोक भी है।

18 अध्यायों में विभक्त श्रीमद्भगवद्गीता 700 श्लोकों के माध्यम से जीवन के विभिन्न आयामों का दिव्य मार्गदर्शन है। यह मार्गदर्शन विषाद योग, सांख्य योग, कर्म योग, ज्ञानकर्म-संन्यास योग, कर्म-संन्यास योग, आत्मसंयम योग, ज्ञान-विज्ञान योग, अक्षरब्रह्म योग, राजविद्याराजगुह्य योग, विभूति योग, विश्वरूपदर्शन योग, भक्ति योग, क्षेत्रक्षेत्रज्ञ विभाग योग, गुणत्रयविभाग योग, पुरुषोत्तम योग, दैवासुरसंपद्विभाग योग, श्रद्धात्रय विभाग योग, मोक्षसंन्यास योग द्वारा अभिव्यक्त हुआ है।

योगेश्वर श्रीकृष्ण ने मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी को गीता का ज्ञान दिया था। गीता जयंती इसी ज्ञानपुंज के प्रस्फुटन का दिन है। इस प्रस्फुटन की कुछ बानगियाँ देखिए-

1) यद्यापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचराम।।

अर्थात, हे अर्जुन! सम्पूर्ण प्राणियों का जो बीज है, वह मैं ही हूँ। मेरे बिना कोई भी चर-अचर प्राणी नहीं है।

इस श्लोक से स्पष्ट है कि हर जीव, परमात्मा का अंश है।

2) यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।।

अर्थात जो सबमें मुझे देखता है और सबको मुझमें देखता है, उसके लिये मैं अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिये अदृश्य नहीं होता।

3) न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम।।

अर्थात न ऐसा ही है कि मैं किसी काल में नहीं था या तू नहीं था अथवा ये सारे राजा नहीं थे और न ऐसा ही है कि इससे आगे हम सब नहीं रहेंगे। इसे समझने के लिए मृत्यु का उदाहरण लें। मृत्यु अर्थात देह से चेतन तत्व का विलुप्त होना। आँखों दिखता सत्य है कि किसी एक पार्थिव के विलुप्त होने पर एक अथवा एकाधिक निकटवर्ती उसका प्रतिबिम्ब -सा बन जाता है।

विज्ञान इसे डीएनए का प्रभाव जानता है, अध्यात्म इसे अमरता का सिद्धांत मानता है। अमरता है, सो स्वाभाविक है कि अनादि है, अनंत है।

4) या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।

सब प्राणियोंके लिए जो रात्रि के समान है, उसमें स्थितप्रज्ञ संयमी जागता है और जिन विषयों में सब प्राणी जाग्रत होते हैं, वह मुनिके लिए रात्रि के समान है । इसके लिए मुनि शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। मुनि अर्थात मनन करनेवाला, मननशील। मननशील कोई भी हो सकता है। साधु-संत से लेकर साधारण गृहस्थ तक।

मनन से ही विवेक उत्पन्न होता है। दिवस एवं रात्रि की अवस्था में भेद देख पाने का नाम है विवेक। विवेक से जीवन में चेतना का प्रादुर्भाव होता है। फिर चेतना तो साक्षात ईश्वर है। ..और यह किसी संजय का नहीं स्वयं योगेश्वर का उवाच है। इसकी प्रतीति देखिए-

5) वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना।।

मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और प्राणियों की चेतना हूँ। जिसने भीतर की चेतना को जगा लिया, वह शाश्वत जागृति के पथ पर चल पड़ा। जाग्रत व्यक्ति 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' का अनुयायी होता है।

6) कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।

अर्थात कर्म करने मात्र का तुम्हारा अधिकार है, तुम कर्मफल के हेतु वाले मत होना और अकर्म में भी तुम्हारी आसक्ति न हो। मनुष्य को सतत निष्काम कर्मरत रहने की प्रेरणा देनेवाला यह श्लोक जीवन का स्वर्णिम सूत्र है। सदियों से इस सूत्र ने असंख्य लोगों के जीवन को दिव्यपथ का अनुगामी किया है।

श्रीमद्भगवद्गीता के ईश्वर उवाच का शब्द-शब्द जीवन के पथिक के लिए दीपस्तंभ है। इसकी महत्ता का वर्णन करते हुए भगवान वेदव्यास कहते हैं,

गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रसंग्रहैः।
या स्वंय पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता ।।
( महा. भीष्म 43/1)

श्रीमद्भगवद्गीता का ही भली प्रकार से श्रवण, कीर्तन, पठन, पाठन, मनन एवं धारण करना चाहिए क्योंकि यह साक्षात पद्मनाभ भगवान के मुख कमल से निकली है। इस सप्ताह गीता जयंती है। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता के नियमित पठन का संकल्प लें। अक्षरों के माध्यम से अक्षरब्रह्म को जानें, सृष्टि के प्रति स्थितप्रज्ञ दृष्टि उत्पन्न करें। शुभं अस्तु।

## वीर गाथा

# मेजर डेविड मैनलुन : कई उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया

मेजर डेविड मैनलुन का जन्म 27 जुलाई, 1985 को मणिपुर के इम्फाल में हुआ था। उनके पिता एम खमज़लम सेना में बतौर सूबेदार सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा, उनके बड़े भाई भी सेना में हैं। इससे डेविड को सैनिक बनने की प्रेरणा मिली। वे स्कूली समय से ही खेलकूद में बहुत रुचि रखते थे। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर अपनी टीम का नेतृत्व किया था। इसके अलावा, वे विभिन्न भाषाएं सीखने का शौक रखते थे।

डेविड ने आर्मी स्कूल, शिलांग से शिक्षा प्राप्त की थी। उसके बाद शिलांग के एक कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली। उनका चयन साल 2009 में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई के लिए हो गया। इसके बाद उन्हें नागा रेजिमेंट की पहली बटालियन में कमीशन मिला था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कई ऑपरेशनों में भाग लिया था। वे नागालैंड में भी तैनात रहे थे।

डेविड की अनुकरणीय सेवाओं के लिए 15 अगस्त, 2016 को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन मिला। उन्होंने एनएसजी में प्रतिनियुक्ति का विकल्प चुना, जिसके बाद 6 जून, 2017 को लप्पा ऑपरेशन पर भेजे गए। दरअसल सेना को खुफिया सूचना मिली थी कि म्यांमार सीमा के पास लप्पा क्षेत्र में कई उग्रवादी छुपे हुए हैं। इसके बाद उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया गया।

मेजर डेविड एक संयुक्त टीम का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान उग्रवादियों के ठिकानों को तहस-नहस कर दिया गया। कई उग्रवादियों ने घुटने टेककर आत्मसमर्पण कर दिया। इस भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुए डेविड बाद में वीरगति को प्राप्त हो गए .। मेजर डेविड ने भारत मां की रक्षा और अखंडता के लिए अपना बलिदान दे दिया। उन्हें 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।



## बोध कथा

# योग्यता का सम्मान

प्राचीन समय की बात है। उस समय मगध पर रिपुदमन नामक राजा राज्य करता था। वह अपने मंत्रियों को पूरा सम्मान देता था तथा उनकी प्रत्येक राय पर गंभीरतापूर्वक विचार किए बिना कोई निर्णय नहीं लेता था। जब रिपुदमन बूढ़ा होने लगा तो उसने अपने वरिष्ठ एवं विश्वासपात्र मंत्रियों की सलाह लेने के पश्चात उसने ज्येष्ठ पुत्र शौर्यवीर को गद्दी पर बिठा दिया। शौर्यवीर के दरबार में अखिलेष्वर शर्मा उसके पिता के समय से ही महामंत्री के पद पर नियुक्त था। राज्य के अन्य मंत्री अखिलेष्वर शर्मा से ईर्ष्या करते थे। वे अखिलेष्वर शर्मा को महामंत्री के पद पर देखकर राजी नहीं थे तथा उन्हें पद से हटाने की तुच्छ रणनीति बनाने में लगे रहते थे। उन्होंने राजा को सलाह दी कि वह महामंत्री अखिलेष्वर शर्मा को पद से मुक्त कर दें क्योंकि वे अब बूढ़े हो गए हैं और उनकी बुद्धि अब क्षीण हो गई है। राज्य के महत्वपूर्ण निर्णय लेने में वे अब सक्षम नहीं हैं।

युवा राजा शौर्यवीर मंत्रियों की चाल में आ गए। उन्होंने अखिलेष्वर शर्मा को उनके पद से हटाकर विष्णुधर को उनके स्थान पर महामंत्री बना दिया। विष्णुधर अखिलेष्वर शर्मा के समान योग्य नहीं था। बात महाराज के पिता रिपुदमन के पास पहुंची। उन्हें एक युक्ति सूझी। उन्होंने नए महामंत्री को बुलाया और कहा कि शाही बाग में एक कुतिया ने बच्चों को जन्म दिया है, तुम जाओ और पता करके आओ कि कुतिया ने कितने बच्चों को जन्म दिया है। विष्णुधर घोड़े पर सवार होकर शाही बाग में पहुंचा और अपना काम करके वापस राजमहल लौटा। महाराज के पिता रिपुदमन ने पूछा कि कुतिया ने कितने बच्चों को जन्म दिया है तो उन्होंने बताया कि कुतिया ने चार बच्चों को जन्म दिया है। महाराज ने अगला प्रश्न पूछा कि कितने बच्चे नर और कितने मादा हैं। महामंत्री को इस बात का उत्तर मालूम नहीं था। वे दोबारा बाग में पहुंचे तथा इस प्रश्न का उत्तर पता करके रिपुदमन को बताया। रिपुदमन ने तीसरा प्रश्न यह पूछा कि कुतिया के बच्चे किस किस रंग के हैं।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। - दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का निधन

**दुबई/एपी**

कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। देश के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी।

सरकारी टेलीविजन कुवैत टीवी ने अमीर के निधन की घोषणा की और कुरान की आयतों का पाठ किया। नवंबर के आखिर में शेख नवाफ को किसी अज्ञात बीमारी को लेकर अस्पताल भर्ती कराया गया था। तब से तेल समृद्ध यह छोटा देश उनके स्वास्थ्य के बारे में खबर का इंतजार कर रहा था। सरकारी टेलीविजन ने पहले खबर दी थी कि मार्च, 2021 में किसी अज्ञात स्वास्थ्य जांच के लिए वह अमेरिका गये थे। कुवैत के नेताओं का स्वास्थ्य इस पश्चिम एशियाई देश में संवदेनशील मामला बना रहता है। इस देश की सीमा इराक और सऊदी अरब से सटी हुई है।

शेख नवाफ को उनके पूर्ववर्ती शेख सबा अल अहमद अल सबा के निधन के बाद 2020 में अमीर की राजगद्दी मिली थी। शेख सबा अपनी कूटनीति और शांतिप्रयासों के लिए जाने जाते थे और उनके निधन को लेकर पूरे क्षेत्र में संवेदना महसूस की गयी थी।

शेख नवाफ ने कुवैत के गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री के तौर अपनी सेवा दी थी लेकिन मंत्री के रूप में इन अल्पकालिक कार्यकाल के अलावा वह सरकार में खास सक्रिय नहीं देखे गये। वह अमीर के लिए काफी हद तक गैर विवादास्पद पंसद थे लेकिन बढ़ती उम्र के चलते यह संकेत मिल गया था कि उनका कार्यकाल छोटा होगा।

**पेटेक्स इंडिया**




हैदराबाद में शनिवार को पालतू जानवरों की देखभाल पर एक प्रदर्शनी पेटेक्स इंडिया 2023 से पहले एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आयोजक और अन्य लोग जर्मन अंगोरा खरगोश, नीले और सुनहरे मकोय और अन्य जानवरों को ले जा रहे थे।

# अमेरिका ने यूनान को लौटाईं 30 प्राचीन वस्तुएं

**एथेंस/एपी**

अमेरिका ने यूनान को 30 प्राचीन वस्तुएं लौटा दीं हैं जिनमें संगमरमर की बनी मूर्तियां, सिर के कवच और युद्ध के दौरान पहने जाने वाले शरीर के कवच शामिल हैं। माना जाता है कि इन वस्तुओं को यूनान से अवैध तरीके से ले जाया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन वस्तुओं को शुक्रवार को न्यूयॉर्क में यूनानी अधिकारियों को सौंपा गया और ये 4,700 साल पुराने अर्थात मध्यकालीन युग तक की हैं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी (डीए) एल्विन ब्रैग ने बताया कि इनका मूल्य 37 लाख अमेरिकी डॉलर है।

डीए के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि 19 वस्तुओं को न्यूयॉर्क गैलरी के मालिक माइकल वार्ड ने स्वेच्छा से लौटाया है जबकि तीन को ब्रिटेन में डीलर रॉबिन सिम्स से पास से जब्त किया गया, वहीं एक वस्तु न्यूयॉर्क में एक ऐसे व्यक्ति के पास से बरामद की गई जो व्यक्तिगत तौर पर कलाकृतियों का संग्रह करता है।

यूनान की संस्कृति मंत्री लीना मेंडोनी ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि अमेरिका और यूनान के विशेषज्ञों के सहयोग और कड़ी मेहनत के कारण ये अमूल्य वस्तुएं वापस मिली हैं।

इससे पहले इस वर्ष की शुरुआत में 29 और पिछले वर्ष 55 प्राचीन वस्तुएं न्यूयॉर्क ने यूनान को वापस दी थीं।

# राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली/भाषा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में देशवासियों ने वर्ष 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी युद्ध से दक्षिण एशिया का राजनीतिक मानचित्र बदल गया और लाखों बांग्लादेशी लोगों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई हिंसा का अंत हुआ था।

आज ही के दिन यानी 16 दिसंबर, 1971 को 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बाद युद्ध में शानदार जीत के परिणामस्वरूप एक स्वतंत्र देश के रूप में बांग्लादेश का जन्म हुआ था। भारत 16 दिसंबर को 'विजय दिवस' के रूप में मनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका बलिदान और अटूट भावना देश के इतिहास में हमेशा अंकित रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज, विजय दिवस पर हम सभी बहादुर नायकों को हार्दिक श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने 1971 में कर्तव्यनिष्ठा से भारत की सेवा की, जिससे निर्णायक जीत मिली। उन्होंने कहा, ''उनकी वीरता और समर्पण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का स्रोत है। उनका बलिदान और अटूट भावना लोगों के दिलों और हमारे देश के इतिहास में हमेशा दर्ज रहेगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, देश 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए निस्वार्थ बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। विजय दिवस पर मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देती हूं, जिन्होंने अद्वितीय साहस दिखाते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की।

# निर्माताओं को विश्वास 1000 करोड़ के आंकड़े को छूने में सफल होगी 'एनिमल'

**मुंबई/एजेन्सी**

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'एनिमल' बहुत जल्द छ1000 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। मेकर्स ने फिल्म की 15वें दिन तक की कमाई का आंकड़ा जारी कर दिया है। फिल्म वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 800 करोड़ रुपये की कमाई अभी तक कर चुकी है और यह ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। माना जा रहा है कि डंकी की रिलीज से पहले फिल्म छ1000 करोड़ क्लब में एंटर कर जाएगी। इन फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ना बाकी

फिल्म की 15वें दिन तक की कमाई का आंकड़ा जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, बहुत बड़े मार्जिन से हुई जीत का जश्न। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 797 करोड़ 6 लाख रुपये। बॉलीवुड की सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में रणबीर कपूर की 'एनिमल' अब छठवें नंबर पर पहुंच गई है। हालांकि अभी इसे 'दंगल', 'जवान' और 'पठान' जैसी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ना बाकी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिसएनिमल' की कमाई की बात करें तो यह फिल्म अब 500 करोड़ क्लब में कदम रखने के काफी करीब है। फिल्म की डॉमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 15वें दिन तक की कमाई 484 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुकी है। इसमें सिर्फ हिंदी वर्जन से फिल्म ने 439 करोड़ रुपये कमाए हैं। फैंस को अगले पार्ट का है इंतजार

एक तरफ जहां एनिमल का यह पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहा है वहीं दूसरी तरफ अब दर्शकों को इसके अगले पार्ट (एनिमल पार्क) का इंतजार है। फिल्म के अंत में 'एनिमल' के अगले पार्ट का हिंट दिया गया है। बता दें कि अगले पार्ट में आपको रणबीर कपूर का डबल रोल देखने को मिल सकता है। रणबीर कपूर का जो दूसरा अवतार फिल्म में देखने को मिलेगा वो इस पार्ट में दिखाए गए उनके अवतार से कहीं ज्यादा ब्रूटल होगा।

# संसद की सुरक्षा में चूक : विजयवर्गीय ने कहा- विपक्ष ने बहुत छोटी चीज को बहुत बड़ा बना दिया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा**

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने संसद की सुरक्षा में कथित चूक के हालिया मामले में शनिवार को कहा कि विपक्ष ने 'बहुत छोटी चीज' को बहुत बड़ा बना दिया ताकि कांग्रेस के एक सांसद से कथित तौर पर जुड़े परिसरों से करीब 400 करोड़ रुपये की 'बेनामी' संपत्ति मिलने के प्रकरण को दबाया जा सके।

संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ जारी हमले के बारे में प्रतिक्रिया मांगे जाने पर विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि विपक्ष ने बहुत छोटी चीज को बहुत बड़ा बना दिया, जबकि उससे बड़ा मामला तो यह था कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 400 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति मिली। इस मामले पर तो किसी ने जवाब दिया नहीं।

झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू का नाम लिए बगैर विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद से जुड़ी बेनामी संपत्ति के मामले को दबाने के लिए संसद की सुरक्षा में चूक के मामले को विपक्ष जबर्दस्ती तूल दे रहा है।

भाजपा महासचिव ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर कहा, ''यह कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है। इसकी जांच हो रही है। गृह मंत्री (अमित शाह) ने कहा है कि हम इस मामले की तह तक जाएंगे। इसके बावजूद यदि विपक्ष के लोग संसद में हंगामा कर रहे हैं, तो लगता है कि उनका इरादा नेक नहीं है।

यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले दिनों में विजयवर्गीय सूबे में बड़ी भूमिका में नजर आएंगे, भाजपा के 67 वर्षीय नेता ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया में कहा, ''मैं अब भी बड़ी भूमिका में हूं। मैं भाजपा का महामंत्री हूं। इंदौर-1 से विधायक चुने गए विजयवर्गीय ने यह बात ऐसे वक्त कही, जब डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने के बाद मध्यप्रदेश की राजनीति में विजयवर्गीय और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं की आगामी भूमिका को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं। सियासी समीक्षक विजयवर्गीय को भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिन रहे थे।




# 'मिशन सिलक्यारा' फिल्म की जल्द होगी शूटिंग

**नयी दिल्ली/वार्ता**

बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है। यह फिल्म सनराइज मीडिया ग्रुप एंड प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनेगी। फिल्म निर्माता इस फिल्म में उत्तराखंड के ही दिग्गज कलाकारों को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को उसी जगह पर हूबहु फिल्माया जाएगा, जहां यह घटना हुई थी। फिल्म निर्माता की टीम टनल में फंसे कुल 41 मजदूरों बात कर रही है, जिससे फिल्म में उनके द्वारा टनल में बिताए गए भयावह दिनों को हूबहु दर्शाया जा सके। इसके अलावा, फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो।

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में उत्तराखंड की अपनी मौजूदगी दर्ज होगी। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।



# 'इंडियन पुलिस फोर्स' का टीजर जारी

**मुंबई/एजेन्सी**

मशहूर फिल्ममेकर रोहित शेट्टी की एक्शन सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। पूर्व में सीरीज से कलाकारों का लुक जारी कर दिया गया था। इसके बाद से ही फैंस में इसके टीजर के लिए बेकरारी बढ़ गई थी। अब निर्माताओं ने सीरीज का टीजर भी रिलीज कर दिया है। आज शनिवार (16 दिसंबर) को जारी किए गए इस टीजर को सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।

टीजर में सिद्धार्थ, एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और एक्टर विवेक ओबेरॉय पुलिस की वर्दी में नजर आए, जो देश को दुश्मनों से बचाने के लिए मर-मिटने का जज्बा रखते हैं। सिद्धार्थ ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मेरा पहला एक्शन पैक्ड शो लाने के लिए रोमांचित हूं, इंडियन पुलिस फोर्स। कॉप यूनिवर्स के मास्टर रोहित शेट्टी के साथ नई यूनिफॉर्म में वापसी। इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को प्राइमवीडियो पर।

बता दें कि इस सीरीज के माध्यम से रोहित और सिद्धार्थ ओवर द टॉप यानी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे हैं। रोहित पुलिस पर बेस्ड फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। वे अब कॉप यूनिवर्स को ओटीटी पर भी पेश करने वाले हैं। दर्शकों को इसमें सिद्धार्थ के साथ दो और बड़े स्टार शिल्पा व विवेक की शानदार एक्टिंग भी देखने को मिलेगी।



# बच्चन फैमिली संग नजर आई ऐश्वर्या, अलगाव की खबरों पर लगा विराम!

**मुंबई/एजेन्सी**

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन पिछले काफी समय से अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोटर्स की मानें तो कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस और बच्चन परिवार के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बीते दिन ऐश्वर्या को लेकर खबरें आई थीं कि उन्होंने ससुराल को छोड़ दिया है और वो मायके में शिफ्ट हो गई हैं। इन रूमर्स के बीच अब एक्ट्रेस को बच्चन फैमिली के साथ स्पॉट किया गया है। बच्चन परिवार और एक्ट्रेस बेटी आराध्या के स्कूल के एनुअल फंक्शन में पहुंची थीं। इस दौरान बिग बी को बहू की मां का हाल लेते हुए भी देखा गया। इनका वीडियो सामने आने के बाद सभी कयासों पर विराम सा लग गया है।

दरअसल, शुक्रवार को धीरुभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शाहरुख खान, गौरी खान, सुहाना खान, करण जौहर, शाहिद कपूर, रोहित शेट्टी, ऐश्वर्या बच्चन, करीना कपूर से लेकर मीरा राजपूत जैसे सेलेब्स तक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी बीच आराध्या और अबराम ने स्टेज परफॉर्मेंस भी दी थी दोनों की ही स्टेज परफॉर्मेंस को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ऐसे में आराध्या को सपोर्ट करने के लिए पूरी बच्चन फैमिली पहुंची थी।

ऐश्वर्या राय और बच्चन फैमिली का वीडियो सामने आने के बाद इनके अलगाव की खबरों पर विराम लग गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देख सकते हैं कि इसमें उनके साथ बिग बी के नाति अगस्त्य नंदा भी दिखाई दे रहे हैं। ऐश्वर्या उन पर प्यार लुटाते नजर आ रही हैं। बिग बी ने ऐश्वर्या की मम्मी वंदा राय का हाल भी लिया। इनकी बॉन्डिंग और जेस्चर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके बीच सब कुछ नॉर्मल है। इसमें अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच अच्छी बॉन्डिंग भी देखने के लिए मिल रही है। वो अपनी सास को कार तक छोड़ने भी आते हैं। इससे एक बात साफ हो रही है कि इनके रिश्ते में सबकुछ ठीक है। हालांकि, इस दौरान गौर करने वाली बात ये रही है कि जया बच्चन नजर नहीं आई हैं।

# 'कर्मा कॉलिंग' में नजर आयेंगी रवीना टंडन

**मुंबई/वार्ता**



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रवीना टंडन डिज्नी+ हॉटस्टार की आगामी सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में नजर आयेगी। रवीन टंडन कर्मा कॉलिंग में बेहद अमीर और पावरफुल इंद्राणी कोठारी के किरदार में नजर आयेंगी।आर.ए.टी. फिल्म्स द्वारा निर्मित, रुचि नारायण द्वारा रचित और निर्देशित इस सीरीज को डिज्नी+ हॉटस्टार पर 26 जनवरी, 2024 को रिलीज किया जा रहा है। रवीना टंडन ने कहा, इंद्राणी कोठारी का मानना है कि पूरी दुनिया उसी की है और मैंने काफी वक्त से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है। 'कर्मा कॉलिंग' में जो भी दिखता है, हकीकत उससे कहीं बढ़कर है। इसमें अमीरों की दुनिया के अलग-अलग पहलू दिखाई देते हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। इंद्राणी की भूमिका निभाने से मुझे बतौर एक्टर खुद को एक्स्प्लोर करने का भी मौका मिला। मैंने ऐसा रोल पहले कभी नहीं किया और ना ही इस तरह का रोल कभी देखने को मिला है।मैं दर्शकों के रिस्पॉन्स का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। आर.ए.टी. फिल्म्स और रुचि नारायण के साथ मिलकर काम करके खूब मजा आया।

निर्देशक रुचि नारायण ने कहा, 'कर्मा कॉलिंग' बेहद अमीर और पावरफुल कोठारी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें उनकी दुनिया में होने वाली हर तरह की धोखेबाजी को देखने का मौका मिलेगा है। इस सीरीज में बड़ी शान-ओ-शौकत दिखती है। बदलेऔर धोखे से बुनी कहानी का पैमाना बहुत बड़ा और चौंधियाने वाला है, जो कोठारी परिवार के अनुभवों को सामने रखता है। रवीना टंडन और डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ काम करने का अनुभव बेहतरीन रहा।''

# जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है : मौनी रॉय

**मुंबई/एजेन्सी**

'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने अर्जुन और चेष्टा के ब्रेकअप को देखा, जो भविष्य में एक साथ सामना करने के लिए निधि और मोहक के एकजुट निर्णय के साथ जुड़ा था। आगामी एपिसोड निशंक और चेतना तथा गार्गी और रौनक के भाग्य को उजागर करने का वादा करता है, जिससे उनके रिश्तों की जटिलताओं में स्पष्टता आएगी। पूरी यात्रा के दौरान दिलों की रानी, मौनी शो का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं, और मेजबान करण कुंद्रा के साथ मार्गदर्शन प्रदान करती रही हैं।

मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा।

इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं। 'नागिन' फेम अभिनेत्री ने कहा, ''टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया पर विचार करते हुए मुझे कहना होगा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक अजनबी साबित हुई है। रोलर कोस्टर की सवारी के रूप में प्रस्तुत रिश्तों की गतिशीलता मेरी उम्मीदों से परे है। हम विषाक्त पैटर्न को तोड़ने और रिश्तों में सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने में गर्व महसूस करते हैं। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' जियो सिनेमा' पर प्रसारित होता है।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव महिला हित के लिए कार्य करते है उसी के तहत संसद के दोनों सदनों में महिला बिल जो पिछले कई वर्षो से लंबित था उसे पास करवाया।



# तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर की 'श्री उत्सव' प्रदर्शनी में दिखा खरीददारी का उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल से निर्देशित 'श्री उत्सव' प्रदर्शनी का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल द्वारा तेरापंथ भवन यशवंतपुर में आयोजित किया गया। इस मौके पर गोड़वाड़ महासभा के पूर्व महामंत्री व कर्नाटक सिल्क बोर्ड के प्रमुख कुमारपाल सिसोदिया ने किया। संचालन कर रही मंत्री लाडली मुथा और संयोजिका वनिता बोलिया ने नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से प्रदर्शनी प्रारंभ हुई। कन्या मंडल संयोजिका नेहा पोखरना ने कुमारपाल सिसोदिया का परिचय दिया। डॉ मनीषा का परिचय पलक भंसाली ने दिया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष गौतम मुथा का परिचय सह संयोजिका प्रियंका जैन ने दिया।

महिला मंडल अध्यक्ष मीना दक ने प्रायोजक राजमल दक, कमलेश बाबेल व आनंद भंसाली का स्वागत किया। उन्होंने महिला मंडल के आयामों की जानकारी दी। मेवाड भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष भंवरलाल बोल्या ने मंडल के कार्यो की सराहना की। गांधीनगर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल और युवक परिषद अध्यक्ष जिगर मारू ने शुभकामनाएं दी। कर्नाटक क्षेत्रीय प्रेक्षाध्यान साधना शिविर के प्रभारी वीना बैद व उपासक महेन्द्र दक आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथि कुमारपाल सिसोदिया ने कहा कि यह आयोजन अनुशासन और समय प्रबंधन का अनूठा उदाहरण है। यह आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढाता है। आपने कहा कि अर्थ सहयोग की भावना के साथ हमें हर व्यक्ति को सफल बनाने मे साथ देना चाहिए यह हमारा नैतिक कर्तव्य है।

गौतम मुथा ने कन्याओं और महिलाओं के श्रम की प्रशंसा की। डॉ मनीषा ने कहा कि हर महिला को स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस प्रदर्शनी में 35 स्टॉल लगाए गए। जिसमें कन्यामंडल का गेम्स का स्टाल, साडी, बच्चों के कपडे, होम एप्लाइसंस, कोरियन ज्वेलरी, सिल्वर ज्वेलरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, एथेनिक वियर आदि के स्टॉल लगाए गए।



# अपराधों से बचने के लिए हमें हमेशा जागरुक रहना जरुरी : पुलिस अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के इलेक्ट्रॉनिक सिटी पुलिस ने इलेक्ट्रानिक सिटी स्थित आईआईआईटी बेंगलूरु के सभागार में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें जिसमें साइबर अपराध, चोरी, यातायात उल्लंघन आदि विषयों पर चर्चा हुई व अन्य जानकारी दी गई। यह पहल कर्नाटक पुलिस के अपराध रोकथाम माह के अंतर्गत एक मुहिम के तहत आयोजित की गई। पुलिस ने कहा कि अपराध से कोई बचा नहीं है इसलिए हमें हमेशा सर्तक रहना चाहिए। आज इस डिजिटल युग में हाई-टेक व साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, इनसे बचने के लिए हमें सर्तक व जागरुक रहना जरुरी है। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिकके एसीपी एबी सुधाकर, पुलिस निरीक्षक नवीन जीएम, पुलिस उप निरीक्षक सचिन पुरूषोत्तम, शिवकुमार और सहायक उपनिरीक्षक एन श्रीनिवास उपस्थित थे।



# स्वतंत्रता सैनानियों की कहानियां हमारे इतिहास की किताब में होना जरुरी : निर्मला सीतारमण

## स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की स्मृति में विशेष पोस्टल स्टाम्प जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मूडबिद्री। भारत सरकार के मूडबिद्री डाक विभाग और एक्सीलेंट शिक्षण संस्थान मूडबिद्री के संयुक्त तत्वावधान में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक विशेष पोस्टल स्टाम्प का अनावरण मुख्य अतिथि केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ऑफ़ कर्नाटक एस राजेंद्र कुमार(आईपीएस), समारोह के अध्यक्ष श्रीक्षेत्र धर्मस्थल के धर्माधिकारी व राज्य सभा सांसद वीरेन्द्र हेगड़े, विशेष अतिथि विधायक उमानाथ कोटियान, सुरेंद्र हेगड़े, पोस्टल स्टाम्प विमोचन समिति के संयोजक महेन्द्र सिंघी, एक्सीलेंट शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष युवराज जैन, सचिव रश्मिता जैन, पुत्तुर पोस्टल डिवीज़न के वरिष्ठ अधीक्षक नवीनचन्द्रा (आईपोएस) कुलदीप चौटा, डॉ बीपी सम्पत कुमार सहित अन्य अतिथियों ने किया।

समारोह में वितमंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम के कई गुमनाम नायकों की कहानियाँ हमारी इतिहास की किताबों का हिस्सा नहीं हैं। हमें उन्हें हर घर, हर स्कूल में ले जाना होगा और अपने बच्चों को उनके बारे में बताना होगा।

इस संबंध में एक डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी बनाई जानी चाहिए। वीरेन्द्र हेगड़े ने कहा कि रानी अबक्का हम सभी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव महिला हित के लिए कार्य करते है उसी के तहत संसद के दोनों सदनों में महिला बिल जो पिछले कई वर्षो से लंबित था उसे पास करवाया।

# भारतीय नौसेना ने अरब सागर में जहाज के अपहरण की घटना पर तत्काल कदम उठाया

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने अरब सागर में माल्टा के जहाज के अपहरण से जुड़ी घटना में तेजी से प्रतिक्रिया दी। इस जहाज पर चालक दल के 18 सदस्य सवार हैं।

नौसेना ने जहाज एम वी रुएन से सहायता मांगे जाने पर इलाके में निगरानी रख रहे समुद्री गश्ती विमान और अदन की खाड़ी में तैनात उसके युद्धपोत को भेजा।

अधिकारियों को अपहरण की कोशिश की सूचना बृहस्पतिवार को मिली और भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को घटनास्थल पर अपने मिशन को भेजा।

नौसेना ने कहा कि उसके विमान ने अपहरण किए गए जहाज के ऊपर उड़ान भरी और वह जहाज की गतिविधि की लगातार निगरानी कर रही है जो सोमालिया तट की ओर बढ़ रहा है।

भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, बदलती स्थिति पर तेजी से कदम उठाते हुए भारतीय नौसेना ने इलाके में निगरानी कर रहे अपने नौसैन्य समुद्री गश्ती विमान और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती को रोकने के लिए अपने गश्ती युद्धपोत को एमवी रुएन का पता लगाने और उसकी मदद करने के लिए भेजा है। उन्होंने कहा, विमान ने 15 दिसंबर की सुबह अपहरण किए गए जहाज के ऊपर उड़ान भरी और विमान लगातार जहाज की गतिविधि पर नजर रख रहा है जो अब सोमालिया तट की ओर बढ़ रहा है।

अधिकारी ने बताया कि समुद्री डकैती को रोकने के लिए अदन की खाड़ी में तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने भी शनिवार सुबह एमवी रुएन का पीछा किया। उन्होंने बताया कि पूरी स्थिति पर इलाके में अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर करीबी नजर रखी जा रही है।

अधिकारी ने कहा, भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्र देशों के साथ क्षेत्र में सबसे पहले मदद करने और व्यापारी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जेपी पार्क टायकोंडो प्रशिक्षण संस्था नेहरू युवा केंद्र बेंगलुरु एवं युवा सशक्तिकरण, खेल विभाग कर्नाटक सरकार द्वारा जेपी पार्क में टायकोंडो खेल हब्बा का आयोजन किया जिसमें 300 से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। क्षेत्र के विधायक मुनिरत्ना ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# पटाखे की चोट के कारण गंवाए अंगूठे के बदले आईटी पेशेवर को मिला नया अंगूठा

## अपोलो अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने की यह गहन सर्जरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। चिकमंगलूर के पास रहने वाले 23 वर्षीय आईटी पेशेवर रमेश (बदला हुआ नाम) का पटाखा फटने से मिसफायर से उसका दाहिना हाथ उड़ गया था। इस भयावह घटना में उसका दाहिना अंगूठा, तर्जनी पूरी तरह से कट गई और शरीर का पूरा मुलायम ऊतक बुरी तरह फट गया। पूरे हाथ में केवल छोटी उंगली बची रह गई। इलाज के लिए उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया था। इस घटना से उसका सीधा हाथ बिल्कुल खराब व विकलांगता की ओर बढ़ गया था जिसके चलते उसका भविष्य अंधकार में हो गया था।

विभिन्न अस्पतालों में इलाज के बाद अपनी डॉक्टर बहन के कहने पर अपोलो अस्पताल शेषाद्रिपुरम के डॉ दर्शनकुमार से सम्पर्क किया। डाक्टर ने गहन जांच करके बताया कि रमेश को 5 माह तक बहुत सावधानी बरतनी होगी तथा 3 सर्जरी से गुजरना होगा रमेश में साहस दिखाते हुए सर्जरी के लिए अपने आप को तैयार किया तथा इलाज के लिए हां कर दी। अंगूठे य मध्यमा उंगली के नुकसान के बाद भी वह सर्जरी के लिए तैयार हो गया। सबसे पहले अपोलो अस्पताल में उसके घाव की पूरी तरह सफाई की गई। अगली सर्जरी में हाथों की सभी नसों को, धमनियों, शिराओं और त्वचा को चिह्नित किया गया। पेट का फ्लैप(नरम ऊतक) का उपयोग सामान्य उंगलियों की रूपरेखा और आकार प्राप्त करने के लिए किया गया।

डाक्टरों ने बेहद जांच कर रमेश के खोए हुए अंगूठे को बदलने के लिए पैर की दूसरी उंगली को दाहिने हाथ में स्थानांतरित किय। एक प्रमुख माइक्रोसर्जरी के माध्यम से पैर की अंगुली में हड्डी, त्वचा, टेंडन, धमनी, नस और तंत्रिकाओं के साथ कटाई कर उसे हाथ में स्थानांतरित कर दिया गया तथा इन्फेक्शन से बचने के लिए विशेष ड्रेसिंग की गई। डाक्टरों का लक्ष्य था कि रमेश पहले की तरह अपने दाहिने हाथ का इस्तेमाल कर सकें और वह काफी हद तक उसमें सफल भी हुए। डॉ. दर्शनकुमार जैन ने अपनी सर्जिकल टीम डॉ. वरुण, डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रताप के साथ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. संतोष ने इस सावधानीपूर्वक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सर्जरी के अंतिम चरण के 6 सप्ताह बाद, रमेश ने अपने हाथ का उपयोग हल्की गतिविधियों के लिए करना शुरू कर दिया है।

# क्या राहुल के लिए हर मुद्दे का राजनीतिकरण करना जरूरी है ?: रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों में पार्टी की बड़ी हार के बाद उन्हें समझदारी से बात करनी चाहिए थी, लेकिन वह हर मुद्दे का राजनीतिकरण करते रहते हैं।

इससे पहले, गांधी ने दावा किया कि बुधवार को संसद में सुरक्षा चूक की घटना के पीछे बेरोजगारी और बढ़ती कीमतें थीं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में सवाल किया, मुझे लगा था कि इतनी बड़ी हार के बाद राहुल गांधी कुछ समझदारी से बोलेंगे। लेकिन उनकी स्थिति वैसी ही है। क्या इतनी बड़ी हार के बाद यह ज़रूरी है कि हर चीज का राजनीतिकरण किया जाए?

प्रसाद ने कहा कि सुरक्षा चूक एक दुखद घटना है और पुलिस को अपना काम करने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इसके पीछे की साजिश का खुलासा किया जा रहा है।

भाजपा नेता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होना चाहिए।

गांधी ने दावा किया कि जिन युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के कारण नौकरियां नहीं मिल रही हैं, उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाई। उन्होंने कहा कि यह देश के युवाओं में लंबे समय से उबल रहे 'गुस्से का विस्फोट' था।

तेरह दिसंबर की दोपहर को दो व्यक्ति पीला धुआं छोड़ने वाले 'कैन' के साथ दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष के अंदर कूद गए। शून्यकाल के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने उन्हें पकड़ा।



# शुद्ध भावों से प्रभु का स्मरण करने से सुख की प्राप्ति होती है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। बेंगलूरु से दावणगेरे की ओर विहार करते हुए रास्ते में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि हर सुबह उठते ही हमारे मुख पर प्रभु का नाम होने पर पूरा दिन सुख शांतिपूर्वक बीत जाता है। जो प्रभु का नाम सुमिरन नहीं करता उसका दिन अच्छा नहीं जा सकता। शुद्ध भावों के साथ प्रभु का स्मरण करने से सुख की प्राप्ति होती है। पूजा पाठ भी मन से नहीं किया जाए तो वह सार्थक नहीं होगा। मन को एकाग्रचित कर ईश्वर भक्ति में लगाने पर किसी भी कार्य में सफलता अवश्य मिलती है।

साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि जो तुम अपने लिए चाहते हो वही दूसरों के लिए भी चाहो। जो तुम अपने लिए नहीं चाहते हो वह दूसरों के लिए मत चाहों। हमें सम्मान पाना अच्छा लगता है तो हमें दूसरों का अपमान नहीं करना चाहिए। हमें प्रशंसा अच्छी लगती है तो हमें दूसरों की बुराई या निंदा नहीं करनी चाहिए। तुम्हें दुःख पसंद नहीं तो दूसरों को भी दुःख मत देना। यदि तुम सुखी रहना चाहते हो तो तुम्हें सब के जीवन की मंगल कामना करना चाहिए। यदि तुम सब की चिंता करोगे तो सब तुम्हारी चिंता करेंगे। जहाँ तक हो सके तो किसी का भला करने की सोचना, किसी का बुरा कभी मत करना। लेकिन हमारी मनःस्थिति विपरीत है। हम तो किसी को सुखी देखकर ही दुखी हो जाते हैं। धर्म हमें हमारे भीतर की जो ग्रंथियाँ है उसे खोलना सिखाता हैं। हमारे अशांत जीवन को शांत करना सिखाता हैं। धर्म वह जो हमारे दुखी जीवन को सुखी बना दे। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंद से दावणगेरे के शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्रसूरी संघ के अध्यक्ष पूनमचंद सोलंकी, अंबालाल जैन, संजय पोरवाल, राजु भंडारी, सुरेश जैन ने दावणगेरे पधारने का निवेदन किया।



# आचार्य महेन्द्रसागरसूरी ने शिकारीपुर की ओर किया विहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में चातुर्मास सम्पन्न कर आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी, मुनिश्री मेरुपद्मसागरजी व अर्हमपद्मसागरजी ने शिकारीपुर की ओर विहार किया। विहार से पूर्व श्रावक श्राविकाओं ने संतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा नम आंखों से विदाई दी। राजेश भाई, मितुल जैन ने गीतों से विदाई दी। इस अवसर पर आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि इस संसार में विश्वास सबसे जरुरी है । प्रेम प्रेमियों के पास, ज्ञान संतों के पास, पैसा रइसों के पास मिलता है परन्तु विश्वास एक बार टूट गया तो कभी वापस नहीं मिलता है।



प्रयागराज में शनिवार की धुंध भरी सुबह में एक महिला यमुना नदी के तट पर साइबेरियाई प्रवासी पक्षियों को खाना खिलाती हुई।



पटना में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद शनिवार को पटना में 'भारत संकल्प रथ यात्रा' के तहत लाभार्थियों को रसोई गैस सिलेंडर वितरित करते हुए।

# भारत में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए हुई प्रगति पर लगी लगाम : अध्ययन

नई दिल्ली/भाषा। भारत में पांच में से एक लड़की और छह में से एक लड़का विवाहित है और हाल के वर्षों में बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने की दिशा में हुई प्रगति पूरी तरह से रुकी हुई है।

'द लेंसेट ग्लोबल हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। अध्ययनकर्ताओं ने अपने अध्ययन में कहा कि 2016 से 2021 के बीच, कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बाल विवाह की प्रथा भी आम हो गई। अध्ययनकर्ताओं ने 1993 से 2021 तक भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद पाया कि मणिपुर, पंजाब, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल समेत छह राज्यों में बालिका विवाह के मामले बढ़े हैं जबकि छत्तीसगढ़, गोवा, मणिपुर और पंजाब समेत आठ राज्यों में बाल विवाह के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह में राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट आई है। उन्होंने पाया कि बालिका विवाह की व्यापकता 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गई, जबकि बाल विवाह की व्यापकता 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गई।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com